# मार्च 2015

# Most IMP Current Affairs




www.crackgpsc.com

**Useful For….**

**UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams**

www.crackgpsc.com

# मार्च 2015

## We are famous for…

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

## Material




www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – March 2015

## ➢ 1st week

- पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के नेता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जम्मू-कश्मीर के 12वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ली। राज्यपाल एनएन वोहरा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा निर्मल सिंह को राज्य का उप मुख्यमंत्री बनाया गया। दो महिला विधायक प्रिया सेठी (भाजपा) और आशिया नक्कास (पीडीपी) ने भी मंत्रियों के रूप में शपथ ली। यह पहली बार है कि भाजपा पीडीपी के साथ गठबंधन सरकार बनाने हेतु सहमत होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सरकार का हिस्सा बनी है।
- भरत पुरी पीडीलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नियुक्त किए गए। भरत पुरी वर्ष 2008 के बाद से कंपनी के स्वतंत्र निदेशक थे। भरत पुरी एमबी पारेख का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 10 अप्रैल 2015 को समाप्त होगा।
- स्पेन के टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने जुआन मोनाको को पराजित कर अर्जेंटीना ओपन टेनिस प्रतियोगिता 2015 का खिताब जीता। इस जीत के साथ ही राफेल नडाल ओपन टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें नंबर पर आ गए। शीर्ष पर अमेरिका के जिमी कोनोर्स हैं जिन्होंने 109 खिताब जीते हैं।
- जगमोहन डालमिया को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का अध्यक्ष चयनित किया गया। वह दूसरी बार बीसीसीआई के अध्यक्ष बने। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ के प्रमुख अनुराग ठाकुर बीसीसीआई सचिव बने। उन्होंने संजय पटेल को हराया। टीसी मैथ्यूज़ को उपाध्यक्ष, अनिरुद्ध चौधरी को कोषाध्यक्ष और अमिताभ चौधरी को संयुक्त सचिव के रूप में चुना गया। डालमिया वर्ष 1997 से तीन वर्ष के लिए आईसीसी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। आईपीएल-6 में हुई कथित सट्टेबाज़ी और स्पॉट फिक्सिंग मामले में मुद्गल समिति की जांच के बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर एन श्रीनिवासन को अध्यक्ष पद छोड़ना पड़ा था। इसी वजह से बीसीसीआई द्वारा नए चुनाव आयोजित कराए गए।
- बलदेव शर्मा (पांचजन्य के पूर्व संपादक) को केंद्र सरकार ने नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) का अध्यक्ष नियुक्त किया। इन्होंने ए सेतुमाधवन का स्थान लिया। मलयालम भाषा के लेखक ए सेतुमाधवन ने नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। नेशनल बुक ट्रस्ट की स्थापना 1957 में तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने की थी।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

www.crackgpsc.com

- भारतीय मूल के वकील कन्नन रमेश सिंगापुर के सुप्रीम कोर्ट बेंच के न्यायिक आयुक्त नियुक्त किए गए। वे 22 मई 2015 को अपना पदभार संभालेंगे। उनका कार्यकाल दो वर्षों का होगा।
- गैर अरबी भारतीय इस्लामिक स्कॉलर डॉ. जाकिर नाइक को इस्लाम की सेवा के लिए किंग फैजल अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार 2015 (केएफआइपी, The ङing Faisal International Prize for 2015) प्रदान किया गया।
- स्विट्जरलैंड के टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने दुबई ड्यूटी फ्री चैंपियनशिप का पुरुष एकल खिताब जीता। फेडरर ने फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर सातवीं बार यह खिताब जीता।
- रेलवे ने ट्रेन टिकटों के लिए गो-इंडिया स्मार्ट कार्ड स्कीम प्रारंभ की। यह स्कीम अभी रेलवे के दो खंडों (नई दिल्ली-मुंबई और नई दिल्ली- हावड़ा) में पायलट आधार पर शुरू की गई। गो-इंडिया स्मार्ट कार्ड से यात्री आरक्षित और अनारक्षित टिकटों के लिए भुगतान कर सकते हैं। स्मार्ट कार्ड की अधिकतम सीमा 10,000 रु. है।
- चीन की प्रौद्योगिकी कंपनी हुआवेई ने गूगल के एंड्रॉयड वियर ऑपरेटिंग सिस्टम पर आधारित पहली एंड्रॉयड वियर स्मार्टवॉच हुआवेई वॉच लांच की।
- फोर्ब्स पत्रिका की विश्व के सबसे धनी व्यक्तियों की सूची में माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स 79.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कुल संपत्ति के साथ पहले स्थान पर हैं। विश्व के सबसे धनी व्यक्तियों की सूची में भारत के 90 व्यक्ति शामिल हैं, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मुकेश अंबानी 39वें, दिलीप सांघवी 44वें और अजीम प्रेमजी 48वें स्थान पर हैं।
- ऑनलाइन टैक्सी सेवा समूह ओला कैब्स ने बेंगलुरू आधारित अपनी प्रतिद्वंदी टैक्सी फॉर श्योर का 200 मिलियन यूएस डॉलर के सौदे पर अधिग्रहण कर लिया है। यह भारत में टैक्सी-समूह क्षेत्र में पहला बड़ा अधिग्रहण है। इस अधिग्रहण के साथ 100000 वाहनों की क्षमता वाली ओलाकैब्स में टैक्सी फॉर श्योर के अन्य 15000 वाहनों के प्रवेश से ओला कैब्स का कारोबार बढ़ेगा।
- राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने महाराष्ट्र पशु संरक्षण (संशोधन) विधेयक 1995 को अनुमति दी। इस संशोधन से अब महाराष्ट्र में बैलों का वध करना एक गैर कानूनी कृत्य माना जाएगा। राष्ट्रपति ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 201 के प्रावधानों के तहत इस विधेयक पर अपनी मंजूरी दी है। अब यदि महाराष्ट्र में किसी को गोमांस बेचते हुए पाया जाता है तो उसे पांच साल की जेल और 10000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।
- पूर्व भारतीय क्रिकेटर कीर्ति आजाद के जीवन पर आधारित हिन्दी फिल्म किरकेट (ङirket) लॉंच की गई। कीर्ति आजाद हिन्दी फिल्म किरकेट के अभिनेता है। वह दरभंगा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद है।

- भारतीय मूल के अमेरिकी चिकित्सक राहुल जिंदल प्रतिष्ठित फुलब्राइट-नेहरू विशिष्ट सम्मान के लिए चयनित किए गए। राहुल जिंदल मेरीलैंड के बेथेस्डा में यूनिफार्मड सर्विस यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसिज में सर्जरी के प्रोफेसर हैं। फुलब्राइट स्कॉलर कार्यक्रम के तहत इस सम्मान को सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है।
- प्रख्यात पक्षी विज्ञानी के एस लवकुमार खच्चर का निधन हो गया। खच्चर भारत के प्रख्यात प्रकृति संरक्षक थे। उन्होंने पक्षीविज्ञान, प्रकृति और वन्य जीव संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने का काम किया। वे बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी (बीएनएचएस) और भारत के वर्ल्ड वाइड फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे। लवकुमार खच्चर गुजरात में जसदन के तत्कालीन राजसी परिवार से थे। उन्होंने राजकोट के राजकुमार कॉलेज से शिक्षा गहण की। उन्होंने गुजरात के कच्छ खाड़ी के द्वीपों और गिर वन में एशियाई शेरों के संरक्षण हेतु विभिन्न अभियानों का नेतृत्व किया।
- बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ जेंडर जस्टिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के संरक्षण और सुरक्षा के मुद्दे को बेहतरीन तरीके से पेश करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित। रानी मुखर्जी इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाली पहली अभिनेत्री हैं। रानी मुखर्जी को बच्चों के अवैध व्यापार के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु सम्मानित किया गया। रानी मुखर्जी ने मर्दानी फिल्म में शक्तिशाली और निडर महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई थी जो महिलाओं के खिलाफ अपराध, यौन शोषण और बालिकाओं की तस्करी की रोकथाम के लिए काम करती है। इससे पहले यह सम्मान अन्ना हजारे, प्रतिभा पाटिल, पंडित जसराज और महाश्वेता देवी को दिया जा चुका है।
- विश्व वन्यजीव दिवस 3 मार्च 2015 को मनाया गया। इस दिवस का विषय 'वन्यजीव अपराध गंभीर है, वन्यजीव अपराध के बारे में गंभीर हो जाओ' रखा गया।
- विश्व का सबसे बड़ा और ऊंचा भारत का राष्ट्रीय ध्वज हरियाणा के फरीदाबाद स्थित टाउन पार्क में फहराया गया। यह ध्वज भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री एम एल खट्टर और बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर द्वारा फहराया गया। इस ध्वज की चौड़ाई 64 फीट और लंबाई 96 फीट है और इसका वजन का 48 किलोग्राम है। यह ध्वज 250 फीट (75 मीटर) की ऊंचाई पर फहराया गया। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान और स्वच्छ भारत मिशन जैसे सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाली नव चेतना ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया।
- दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला **वन डे** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 20 शतक बनाने वाले खिलाड़ी बने। अमला ने आयरलैंड के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। अमला ने 128 गेंदों में 159 रन की पारी खेली। हाशिम अमला ने करियर की 108वीं पारी में 20वां एक दिवसीय शतक पूरा किया। अमला ने भारत के बल्लेबाज विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा जिन्होंने करियर की 133वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की थी।

- ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज एम सी मैरीकॉम ने रियो ओलंपिक खेल 2016 के बाद मुक्केबाजी से सन्यास लेने की घोषणा की।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 'शिपिंग संवाद' वेबसाइट लोंच की। इस वेबसाइट को लांच करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता और भारतीय नौवहन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों से अनूठे विचार एवं सुझाव आमंत्रित करना है, ताकि शिपिंग, बन्दरगाह और अन्तर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र में सुधार सम्भव हो सके।
- नागरिकता संशोधन विधेयक 2015 लोकसभा में पारित। इस के तहत 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया' (ओसीआई) और 'पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन' (ओसीआई) का आपस में विलय कर दिया गया। इस का मुख्य उद्देश्य है दुनिया भर में भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों के लिए समर्पित भारतवंशी समुदाय के लोगों को मातृभूमि से जोडा जा सके। नए ओसीआई कार्ड धारकों को पूर्ण नगारिकों के अधिकार नहीं होंगे। उन्हें भारत में खेती की जमीन खरीदने, राजनीतिक एवं आधिकारिक पद ग्रहण करने की छूट नहीं होगी। यद्पि भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान नहीं है, लेकिन नागरिकता संशोधन विधेयक 2015 के पारित होने के बाद भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को लगभग भारतीय नागरिकता जैसी ही सुविधाएं मिलेंगी। यानी वे राजनीतिक भागीदारी में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन भारत में उन्हें रहने, कारोबार करने और अन्य कई मामलों में सभी सुविधाएं भारतीय नागरिकों की तरह ही मिलेंगी। उन्हें अब थानों में जाकर रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं होगी। इसके तहत उन्हें वीजा लेने में आसानी होगी।
- भारत के निर्वाचन आयोग ने नेशनल इलेक्टोरल रोलप्यूरीफिकेशन एंड ऑथेंटिकेशन प्रोग्राम (एनईआरपीएपी) अभियान को पूरे भारत में शुरू किया। इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित और प्रामाणिक बनाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के ईपीआईसी (इलेक्शन प्राइवेसी इनफार्मेशन सेंटर) डेटा को भारतीय भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के आधार डेटा से जोड़ा जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपने वोटर पहचान पत्र के साथ लिंक करना जरूरी होगा।
- भारतीय वॉयलन वादक एल सुब्रमण्यम और कथक नृत्यांगना रोशन कुमारी को हाफिज अली खान पुरस्कार-2014 से सम्मानित किया गया। यह 30वां हाफिज अली खान पुरस्कार है। भारत के वॉयलन वादक और रचनाकार सुब्रमण्यम कर्नाटक शास्त्रीय संगीत एवं पश्चिमी शास्त्रीय संगीत में प्रशिक्षित हैं। वहीं जयपुर घराना की रोशन कुमारी भारत की एक प्रमुख कथक नृत्यांगना हैं।

- हाफिज अली खान पुरस्कार : इस पुरस्कार की स्थापना भारत के सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खान ने अपने पिता तथा गुरू हाफिज अली खान की स्मृति में वर्ष 1985 में की थी। हाफिज अली खान ग्वालियर घराने के संगीतकार रहे। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष वर्ष संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीए योगदान करने वाले व्यक्ति को प्रदान किया जाता है।

www.crackgpsc.com

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो दर 0.25% घटाकर 7.5% की। रेपो रेट में कटौती से आवास, वाहन एवं कॉरपोरेट ऋण सस्ता होने की उम्मीद है। नयी दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी। रिवर्स रेपो दरों को 4% पर अपरिवर्तित रखा गया।
- ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में अफगानिस्तान के खिलाफ क्रिकेट विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर 417 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने 275 रन के अंतर से अफगानिस्तान पर जीत दर्ज की जो विश्व कप टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। विश्व कप मैच में सबसे अधिक रन का पिछला रिकॉर्ड भारत के नाम था जिसमें भारत ने बरमूडा के खिलाफ 5 विकेट के नुकसान पर 413 रन बनाए थे। भारत ने यह मैच 257 रन से जीता था।
- सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इस बात की पुष्टि की है कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को हिंदू धर्म में अपना रूपांतरण करता है तो उसे अनुसूचित जाति का दर्जा दिया जा सकता है। परन्तु उसके जाति के लोग उसे अपना लें और वह यह साबित कर दे की दूसरा धर्म अपनाने से पहले उसके पूर्वज अनुसूचित जाति के थे। इस के लिए तीन शर्तें : (1) व्यक्ति उस जाति का होना चाहिए जिसका उल्लेख अनुसूचित जति आदेश 1950 में किया गया हो। (2) व्यक्ति का दोबारा धर्मांतरण उसी धर्म में हो जो उसके माता-पिता और पुरखों का था। (3) व्यक्ति के समुदाय ने उसे स्वीकार किया है इसका भी प्रमाण होना चाहिए।
- लोकसभा ने मोटर वाहन (संशोधन) विधेयक, 2015 ध्वनिमत से पारित किया। इस के द्वारा ई-रिक्शा और ई-गाडियां को कानून के दायरे में लाने के उद्देश्य से मोटर वाहन अधिनियम 1988 में संशोधन किया जाना है। इस विधेयक के पास होने से ई-रिक्शा और ई-कार्ट के संचालन का रास्ता साफ हो गया है। ई-गाड़ी और ई-रिक्शा के चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस से छूट दी गई है।
- केन्द्रीय जहाजरानी मंत्रालय ने ऑटोमोबाइल इकाइयों के निर्यात के लिए टोयोटा के साथ समझौता किया। इस के तहत ऑटोमोबाइल इकाइयों का निर्यात कामराजार पोर्ट लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा। समझौते की अवधि 10 वर्ष है। कामराजार पोर्ट 12 प्रमुख बंदरगाहों में सबसे छोटा है जिसका विकास 'लैंड लार्ड पोर्ट' के रूप में किया गया है।
- अमेरिकी राज्य सचिव ने तीन दक्षिण एशियाई महिलाएं नीलोफर रहमानी, नादिया शरमीन और तबस्सुम अदनान को वर्ष 2015 के लिए प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय महिला वीरता पुरस्कार के लिए चयनित किया। (1) नीलोफर रहमानी (अफ़गानिस्तान): वह अफगान वायु सेना में कप्तान है। (2) नादिया शरमीन (बांग्लादेश): वह एक पत्रकार और महिला अधिकार कार्यकर्ता है। (3) तबस्सुम अदनान (पाकिस्तान): वह ख्वेंदो जिरगा के संस्थापक है। ये महिलाएं असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वाली उन 10 महिलाओं में से हैं जिन्हे शांति, न्याय, मानव अधिकारों और लैंगिक समानता के लिए 10 देशों से चुना गया।

www.crackgpsc.com

- **अंतरराष्ट्रीय महिला वीरता पुरस्कार**
  वर्ष 2007 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय महिला वीरता पुरस्कार विश्व भर में मानव अधिकार, महिलाओं की समानता और सामाजिक प्रगति की वकालत और असाधारण साहस का प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है।

- महाराष्ट्र सरकार ने मुसलमानों को दिया गया 5% आरक्षण रद्द कर दिया। पृथ्वीराज चह्वाण के नेतृत्व वाली कांग्रेस-एनसीपी की राज्य सरकार ने विधानसभा चुनाव 2015 से पहले मराठा समुदाय और बची हुई विभिन्न मुस्लिम जातियों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 5% आरक्षण देने का फैसला लागू किया था। आर्थिक और सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर एक विशेष 'एसबीसी-ए' वर्ग बनाया गया था। इस नए 21% आरक्षण से महाराष्ट्र में कुल आरक्षण 74% तक जा रहा है जो कि गैर-संवैधानिक है। महाराष्ट्र में 52% आरक्षण पहले से चला आ रहा है।
- ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने वृत्तचित्र इन्डियाज डॉटर का प्रसारण किया। इस वृत्तचित्र का निर्देशन लेस्ली उडविन ने किया। फिल्म 16 दिसंबर 2012 को दिल्ली में निर्भया नाम की 23 वर्षीय महिला से सामूहिक बलात्कार और हत्या पर आधारित है। इस वृत्तचित्र का निर्माण ब्रिटिश फिल्मकार लेस्ली उडविन और बीबीसी द्वारा किया गया है। इस वृत्तचित्र में घटना के अभियुक्त मुकेश सिंह का साक्षात्कार है जिसमे मुकेश ने महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक बयान दिए हैं।
- लोकसभा ने ‘कोयला खान (विशेष प्रावधान) विधेयक 2015’ पारित कर दिया। इस विधेयक में पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से सफल बोली लगाने वाली कंपनियों को खनन के लिए पट्टे दिए जाने का प्रावधान है। यह विधेयक कोयला खनन में निरंतरता सुनिश्चत करने और कोयला संसाधनों के अधिकतम उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लाया गया। इस विधेयक में कोयला खानों के निजीकरण का कोई प्रावधान नहीं है।
- नेपाल की राजधानी काठमांडू और वाराणसी के बीच सीधी बस सेवा प्रारंभ किया गया। इसे भारत नेपाल मैत्री बस सेवा (Bharat-Nepal Maitri Bus Seva) नाम दिया गया। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवंबर 2014 में 18वें दक्षेस शिखर सम्मेलन के दौरान नेपाल की यात्रा की थी। उस दौरान भारत और नेपाल ने मोटर वाहन समझौता किया था। उसी समझौते के तहत यह बस सेवा शुरू की गई। काठमांडू और वाराणसी दोनों ही लोकप्रिय पर्यटन स्थल होने के कारण बस सेवा का पर्यटन उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेंगे।
- प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका ‘टाइम’ ने अपने अंक में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंटरनेट पर 30 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया। इस सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा भी शामिल हैं।

www.crackgpsc.com

- बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और सत्ताधारी जनता दल (यूनाइटेड) के नेता राम सुंदर दास का निधन हो गया। रामसुंदर दास एक दलित नेता थे।
- स्वतंत्र भारतीय-अमेरिकी निवेशक सुनील सभरवाल को पुन: अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का वैकल्पिक कार्यकारी निदेशक बनाया गया है। पहली बार वर्ष 2014 के अप्रैल में उन्हें इस पद के लिये नामित किया गया था।
- यूएसटी ग्लोबल ने वूमंस सेफ़्टी एप्प आईसेफ (isafe) लॉन्च किया। इस एप्प से महिलाएँ अपने मोबाइल फोन की वॉल्यूम रॉकर (डाउन) की को देर तक दबाये रखकर अथवा पेनिक बटन के प्रयोग से पुलिस कंट्रोल रूम को इंस्टेंट अलर्ट भेज सकेंगी। पुलिस कंट्रोल रूम को इस अलर्ट की सूचना मोबाइल के आएमईआई (imei) नंबर, सब्सक्राइबर आईडी व स्थान सहित मिल जायेगी।
- त्वरित सेवा रेस्त्राओं की श्रृंखला सबवे ने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिये मुम्बई के अंधेरी में पूर्णतया महिलाओं द्वारा संचालित एक आउटलेट खोली। भारत के 70 शहरों में इसके आउटलेट हैं। सबवे त्वरित भोजन उपलब्ध कराने वाली एक अमेरिकी रेस्त्रां फ्रेंचाइज़ी है।
- आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ग्रुप आईएसआईएस ने इराक का टिगरिस नदी के किनारे स्थित प्राचीन शहर नीमरूद नष्ट किया। असीरियन काल के शहर नीमरूद का विकास ईसा से 13 सदी पूर्व में हुआ था। यहाँ 1988 में एक शाही कब्र से सोने के आभूषण, गहने और कीमती पत्थरों का संग्रह प्राप्त हुआ था, जिसे 20वीं सदी की सबसे बड़ी पुरातात्विक खोज में से एक माना जाता है।
- कोलकाता नगर निगम ने पश्चिम बंगाल में गत चार सौ वर्षो (16वीं सदी) के इतिहास को संरक्षित करने के लिए 'अमल होम डिजिटल ऑरकाइव' की शुरुआत की। इसका उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता संघर्ष और वर्ष 1947 से पहले के दौर के बारे में महात्मा गांधी, रविंद्रनाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा लिखे गए ऐतिहासिक पत्रों, दुर्लभ छायाचित्रों, लेखनी तथा संदेशों को संरक्षित करना है। अमल होम डिजिटल ऑरकाइव देश का ऐसा पहला लेखागार है। कलकत्ता नगर निगम के गजट का प्रकाशन वर्ष 1924 से हो रहा है। इसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम की विषय वस्तु की जानकारी मिलती है। इस गजट के संस्थापक के नाम पर लेखागार का नाम अमल होम रखा गया है।
- विश्वभर में 8 मार्च 2015 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। वर्ष 2015 के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस में पेईचिंग घोषणा और कार्रवाई मंच पर विशेष जोर दिया गया। भारत के केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने वर्ष 2015 के अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 'सुरक्षित मातृत्व दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर तीन दिन का राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया। इसके तहत देश भर में गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ सभी महिलाओं की चिकित्सा जांच नि:शुल्क की जाएगी।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

- **अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**
- अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आवाहन पर, यह दिवस सबसे पहले 28 फ़रवरी 1909 में मनाया गया।
- इसके बाद यह फरवरी के आखरी इतवार के दिन मनाया जाने लगा।
- 1910 में सोशलिस्ट इंटरनेशनल के कोपेनहेगन के सम्मेलन में इसे अन्तर्राष्ट्रीय दर्जा दिया गया। उस समय इसका प्रमुख ध्येय महिलाओं को वोट देने के अधिकार दिलवाना था क्योंकि, उस समय अधिकर देशों में महिला को वोट देने का अधिकार नहीं था।
- 1917 में रुस की महिलाओं ने, महिला दिवस पर रोटी और कपडे के लिये हड़ताल पर जाने का फैसला किया। यह हड़ताल भी ऐतिहासिक थी। ज़ार ने सत्ता छोड़ी, अन्तरिम सरकार ने महिलाओं को वोट देने के अधिकार दिये।
- उस समय रुस में जुलियन कैलेंडर चलता था और बाकी दुनिया में ग्रेगेरियन कैलेंडर।
- इन दोनो की तारीखों में कुछ अन्तर है। जुलियन कैलेंडर के मुताबिक 1917 की फरवरी का आखरी इतवार 23 फ़रवरी को था जब की ग्रेगेरियन कैलैंडर के अनुसार उस दिन 8 मार्च थी।
- इस समय पूरी दुनिया में (यहां तक रूस में भी) ग्रेगेरियन कैलैंडर चलता है।
- इसी लिये 8 मार्च महिला दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।

- वरिष्ठ पत्रकार और आउटलुक पत्रिका के संस्थापक संपादक विनोद मेहता का निधन हो गया। विनोद मेहता अंग्रेजी के पत्रकार थे और अंग्रेजी में लिखना ज्यादा पसंद करते थे। विनोद मेहता ने वर्ष 2011 में आत्मकथा 'लखनऊ ब्वाय' लिखी। उन्होंने फिल्म अभिनेत्री मीना कुमारी और संजय गांधी की जीवनी लिखी। मेहता प्रतिष्ठित संपादक थे जिन्होंने सफलतापूर्वक 'संडे आब्जर्वर, 'इंडियन पोस्ट', 'द इंडिपेंडेंट', द पायनियर (दिल्ली संस्करण) और फिर आउटलुक की शुरुआत की। वर्ष 2001 में उनके लेखों का संकलन 'मिस्टर एडिटर : हाउ क्लोज आर यू टू द पीएम' प्रकाशित हुआ।
- इंडियन पीपुल्स थियेटर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं रंगकर्मी जितेंद्र रघुवंशी का स्वाइन फ्लू से निधन।
- भारत-नेपाल संयुक्त सैन्य अभ्यास सूर्य किरण-VIII नेपाल के सालझण्डी में संपन्न।
- दुनिया की सबसे बड़ी सुपरमार्केट चेन संचालित करने वाली कंपनी वॉलमार्ट की भारतीय इकाई वॉलमार्ट इंडिया ने अश्विन मित्तल को चीफ फ़ाइनान्स ऑफिसर (सीएफ़ओ) नियुक्त किया। वे जिल एंडरसन का स्थान लेंगें।
- भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट 2015 के फाइनल में पहुंची। सायना नेहवाल ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी एवं पहली भारतीय महिला खिलाडी बन गईं।

www.crackgpsc.com

- स्पेन की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल को पराजित कर ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप 2015 का ख़िताब जीता। ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के इतिहास में किसी भारतीय महिला खिलाड़ी ने यह ख़िताब नहीं जीता है। पुरुष वर्ग में इस टूर्नामेंट का खिताब प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ने जीता है।




## ➢ 2nd week

- पहली भारत-नेपाल मैत्री मोटर रैली नई दिल्ली के इंडिया गेट पर समाप्त हो गई। रैली का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना और सड़क सुरक्षा का संदेश देना था। इस रैली को पुरी, ओडीशा से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दस दिनों तक चली इस रैली में दोनों देशों के करीब चौबीस टीमों के 90 प्रतिभागियों ने 3060 किलोमीटर की दूरी तय की।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बालिकाओं के लिए 'आपकी बेटी हमारी बेटी' योजना का शुभारंभ किया। योजना को शुरु करने का उद्देश्य राज्य में बाल लिंगानुपात में हो रही गिरावट की समस्या से निपटना है। इसमें अनुसूचित जाति और बीपीएल परिवारों में 22 जनवरी 2015 के बाद जन्मी सभी पहली और दूसरी बालिका को कवर किया जाएगा। उन परिवारों में जहां जुड़वां बेटियां या दो से अधिक बेटियां जन्म लेंगीं वे सभी, प्रत्येक बालिका 21000 रुपये प्राप्त करेंगी।
- श्रीलंका के भूतपूर्व क्रिकेट कप्तान और बल्लेबाज कुमार संगकारा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वे अगस्त 2015 में भारत के खिलाफ होने वाले तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद संन्यास लेंगे। संगकारा वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और ट्वेंटी- 20 क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। संगकारा, टेस्ट क्रिकेट में पांचवे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। आईसीसी विश्व कप 2015 में कुमार संगकारा ने किसी भी विश्व कप के मैचों में लगातार तीन मैचों में शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज होने का रिकॉर्ड बनाया है।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एम वीरप्पा मोइली को उनकी कन्नड़ कविता श्री रामायण महान्वेषण के लिए वर्ष 2014 के 24वें सरस्वती सम्मान के लिए चुना गया। पाँच

www.crackgpsc.com

खंडों में विभाजित रामायण महान्वेषण कन्नड़ में वर्ष 2007 में प्रकाशित हुआ था। बाद में कविता का अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु और तमिल में अनुवाद किया गया। भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आर सी लाहोटी की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय पैनल ने श्री रामायण महान्वेषण को 2014 के सरस्वती सम्मान के लिए चुना।

**वीरप्पा मोइली** : वीरप्पा मोइली कर्नाटक से कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता है। वे वर्ष 1992 से 1994 के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री रहे हैं। मोइली को पिछली यूपीए सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, कारपोरेट मामलों, विधि और न्याय जैसे कई मंत्रालयों के वहन का दायित्व दिया गया था।

**सरस्वती सम्मान**

- सरस्वती सम्मान भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में सूचीबद्ध भारतीय भाषाओं में उत्कृष्ट गद्य या कविता साहित्यिक कृतियों की मान्यता के लिए दिया जाता है।
- यह एक वार्षिक पुरस्कार है।
- यह सम्मान पिछले 10 वर्षों की साहित्यिक कृतियों के लिए दिया जाता है।
- के के बिरला फाउंडेशन ने वर्ष 1991 में सरस्वती सम्मान की स्थापना की थी।
- पहला सरस्वती सम्मान डॉ. हरिवंश राय बच्चन को उनकी आत्मकथात्मक कृति 'दशद्वार से सोपान तक' के लिए दिया गया था।
- सरस्वती सम्मान के अंतर्गत एक प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और 10 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया जाता है।
- के के बिरला फाउंडेशन ने साहित्य के क्षेत्र में तीन पुरस्कारों की स्थापना की है। इस में सरस्वती सम्मान, व्यास सम्मान (हिंदी के लिए) और बिहारी पुरस्कार (हिन्दी और राजस्थान के राजस्थानी लेखकों के लिए) हैं।
- वर्ष 2013 का सरस्वती सम्मान प्रसिद्ध हिन्दी लेखक गोविंद मिश्रा को वर्ष 2008 में प्रकाशित उनके उपन्यास 'धूल पौधों पर' के लिए, 2012 का पुरस्कार मलयालम कवयित्री सुगाथा कुमारी को मलयालम में कविताओं के संग्रह के लिए दिया गया था।

- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MoHRD) ने बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए एक वेब आधारित उपकरण डिजिटल जेंडर एटलस जारी किया। डिजिटल जेंडर एटलस का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा अनावरण किया गया। इस वेब आधारित उपकरण को संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के समर्थन से विकसित किया गया। इस उपकरण से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और मुस्लिम अल्पसंख्यकों लड़कियों की शिक्षा के बारे में आंकडे प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

www.crackgpsc.com

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रोटावायरस के पहले स्वदेशी वैक्सीन रोटावैक लॉन्च किया। यह रोटावायस के लिए विश्व भर में उपलब्ध जीएसके रोटारिक्स और मर्क्स रोटा टेक के बाद इस श्रेणी का तीसरा वैक्सीन है। यह वैक्सीन भारत में डायरिया से होने वाले शिशु मृत्यु दर को कम करने के भारत के प्रयासों में मदद करेगा। यह इसे विश्व भर में उपलब्ध सबसे सस्ता रोटावायरस वैक्सीन बना देगा। रोटावैक वैक्सीन पब्लिक- प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित किया गया है।

  **रोटावायरस** : यह भारत में 11 माह से कम उम्र वाले शिशुओं में मध्यम-से- गंभीर डायरिया (एमएसडी) का सबसे आम कारक एजेंट है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बैक्टीरिया एजेंटों के जरिए फैलता है जो कि मुख्य रूप से दूषित भोजन या पानी के जरिए प्रेषित होते हैं भारत में, रोटावयरस से होने वाला डायरिया हर वर्ष 5 वर्ष की उम्र तक 80000 बच्चों की मौत की वजह बनता है। रोटावयरस से हुए डायरिया से होने वाली विश्व भर में मौतों में से 22% मौत भारत में होती है।
- श्रीलंका के बल्लेबाज कुमार संगकारा क्रिकेट विश्व कप में लगातार चार शतक बनाने वाले विश्व के पहले क्रिकेटर बन गए। उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ 124 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। वह वर्ष 2015 के विश्व कप में 6 पारीयों में 496 बनाकर शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। इसके साथ ही वह एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों (ओडीआई) के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। इसके साथ ही कुमार संगकारा ने विश्व कप में 5 शतक पूरे किए। विश्व कप में सर्वाधिक शतक बनाने का रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम हैं। कुमार संगकारा ने एक दिवसीय कैरियर में 14189 रन पूरे किए। वे एक दिवसीय कैरियर में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर (18426) के बाद दूसरे स्थान पर हैं।
- जर्मन प्रोफेसर एनेट जी बेक-सिकिंगर ने भारत में बलात्कार की समस्या का हवाला देते हुए एक भारतीय छात्र की इंटर्नशिप के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया।
- सौर ऊर्जा चालित विमान सोलर इम्पल्स 2 ने विश्व भ्रमण के लिए आबू धाबी से उड़ान भरी। सौर ऊर्जा चालित विमान की यह पहली विश्व भ्रमण उड़ान है। इस का उद्देश्य पुराने प्रदूषण फैलाने वाली प्रौद्योगिकियों की जगह स्वच्छ और कुशल प्रौद्योगिकियों को अपनाने के प्रति जागरूकता पैदा करना है। सोलर इम्पल्स 2 अपनी यात्रा के दौरान 35000 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। यह विमान सौर ऊर्जा पर दिन और रात दोनों ही समय उड़ सकता है और इसे इंधन के एक बूंद की भी आवश्यकता नहीं होती। यह 87 मील प्रति घंटा (एमपीएच) की सर्वाधिक गति के साथ उड़ सकता है। सिर्फ एक यात्री को ले जा सकता है और कार्बन डाइऑक्साइडन का बिल्कुल भी उत्सर्जन नहीं करता।
- महाराष्ट्र सरकार ने बालिकाओं के लिए भाग्यश्री योजना शुरू की। इस योजना को सुकन्या योजना के स्थान पर शुरु किया गया। इस योजना के अनुसार राज्य सरकार बीपीएल परिवार

www.crackgpsc.com

में पैदा हुई लड़की के लिए बैंक में 21200 रुपए की राशि जमा करेंगी। इस योजना का उद्देश्य लड़की के 18 वर्ष की आयु पूरा होने तक उसे एक लाख रुपया प्रदान करना है। बॉलीवुड अभिनेत्री भाग्यश्री इस योजना की ब्रांड एंबेसडर है।

- उत्तर-पूर्व का पहला किसान कॉल सेंटर (केसीसी) त्रिपुरा के अगरतला में खोला गया। केसीसी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने शुरू किया।
- दिल्ली उच्च न्यायालय (एचसी) ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि भारत के अटॉर्नी जनरल का कार्यालय सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005 के अंतर्गत आता है। अटॉर्नी जनरल का कार्यालय एक पब्लिक अथॉरिटी है, इसलिए वह सूचना के अधिकार कानून (आरटीआइ) के अंतर्गत आता है।
- उद्योगपति दीपक खेतान का निधन हो गया। वे विलियमसन मैगर ग्रुप के उपाध्यक्ष और बीएम खेतान के बड़े पुत्र थे। उन्हें यूनियन कार्बाइड से एवरेडी ब्रांड के अधिग्रहण के लिए जाना जाता है। बीएम खेतान समूह में एवेरेडी इंडस्ट्रीज, मैकलॉयड रसेल और मैकनेली भारत इंजीनियरिंग जैसी कंपनियां शामिल हैं।
- ब्रिटेन की राष्ट्रीय पर्यटन एजेंसी 'विजिट ब्रिटेन' ने बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को भारत केंद्रित अभियान 'बॉलीवुड ब्रिटेन' अभियान के प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी। इस अभियान के माध्यम से यह एजेंसी भारतीय दर्शकों को आकर्षित करने के लिए हिंदी फिल्मों में फिल्माए गए स्थानों पर फोकस करना चाहती है। यह वेल्स, स्कॉटलैंड और अन्य कई स्थानों को प्रसिद्ध बनाना चाहती है, जो अभी तक भारतीय पर्यटकों में प्रसिद्ध नहीं हैं। पर्यटन स्थलों का प्रचार करने वाले अन्य बॉलीवुड अभिनेताओं में अमिताभ बच्चन (गुजरात), अक्षय कुमार (कनाडा) और दिया मिर्जा (जापान) शामिल हैं।
- अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पाकिस्तान में अगले राजदूत के रूप में अनुभवी राजनयिक डेविड हेल को नामित किया।
- परिसंपत्तियों के मामले में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) 3.68 लाख करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति के साथ सबसे बड़ी कंपनी है। आरआईएल के बाद 2.52 लाख करोड़ रुपये वाली राज्य-स्वामित्व इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और उसके पश्चात 2.25 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ बंधक ऋणदाता हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन (एचडीएफसी) का स्थान रहा।
- ब्लैकस्टोन ने यूनिलीवर के पूर्व चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) हरीश मनवानी को ग्लोबल कार्यकारी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया। मनवानी दुनिया भर में चयनित ब्लैकस्टोन पोर्टफोलियो कंपनियों को मार्गदर्शन और सुझाव देंगे और साथ ही उद्यम निवेश के अवसरों में मदद करेंगे।
- आदित्य बिडला रिटेल ने टोटल हायपरमार्केट का अधिग्रहण कर लिया।
- 1998 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता डिंग्को सिंह को राष्ट्रीय मुक्केबाजी चयन पैनल में शामिल किया गया। पैनल का लक्ष्य ओलंपिक में पदक प्राप्त कर सकने वाले

www.crackgpsc.com

खिलाडियों का चयन करना है। वर्तमान में डिंग्को सिंह भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के इम्फाल केंद्र में एक कोच के रूप में कार्य कर रहे हैं। अर्जुन पुरस्कार विजेता गोपाल एन देवांग इस 10 सदस्यीय चयन पैनल के अध्यक्ष हैं।

- अनुभवी खेल पत्रकार के भास्करन का निधन। भास्करन ने अपने लंबे करियर के दौरान फ्री प्रेस जर्नल, इंडियन एक्सप्रेस, न्यूजडे (अभी बंध) और फिर टाइम्स ऑफ इंडिया में 25 वर्षों तक काम किया। भास्करन ने फुटबॉल पर एक किताब 'विल्स बुक ऑफ फुटबॉल' भी लिखी।
- आइवरी कोस्ट की पूर्व प्रथम महिला सिमोन ग्बाग्बो (Simone Gbagbo)को एक अदालत ने 20 साल की कारावास की सजा सुनाई। उन्हें यह सजा 2010 में राष्ट्रपति चुनाव के तहत हिंसा में उनकी भूमिका और राज्य सुरक्षा को नजरंदाज करने के कारण सुनाई गई। विदित हो की वर्ष 2010 में महीनों चली हिंसा के दौरान करीब 3000 लोग मारे गए थे।
- भारतीय रेल ने रेलवे की परियोजनाओं को लागू करने और अपने संसाधनों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत एलआईसी अगले पांच वर्षों में भारतीय रेलवे की विभिन्न व्यावसायिक परियोजनाओं को लागू करने के लिए 150000 करोड़ रुपये वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगी। वित्तीय सहायता वित्तीय वर्ष 2015-16 में उपलब्ध कराई जाएगी।
- कर्नाटक ने तमिलनाडु को हराकर लगातार दूसरी और कुल मिलाकर आठवीं बार रणजी ट्राफी खिताब जीत लिया। कर्नाटक के करुण नायर रणजी ट्रॉफी के फ़ाइनल में तिहरा शतक बनाने वाले भारत के पहले खिलाड़ी भी बन गए।

**रणजी ट्रॉफी**

रणजी ट्रॉफी को जुलाई 1934 में भारतीय बोर्ड के एक सम्मेलन में शुरू किया गया था। रणजी ट्राफी (क्रिकेट) भारत की एक घरेलू क्रिकेट प्रतियोगिता है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का नाम क्रिकेटर कुमार श्री रणजीतसिंहजी के नाम पर रखा गया। मुंबई ने सबसे ज्यादा 40 बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है।

- भारत और मॉरीशस ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई गति देने के लिए पांच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापनों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री अनिरुद्ध जगन्नाथ की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। साथ ही मॉरीशस के बुनियादी ढांचे के लिए 50 करोड़ डॉलर का कर्ज देने की पेशकश की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन महासागर देशों सेशेल्स, मॉरीशस और श्रीलंका की पांच दिन की यात्रा पर है। पिछले तीन दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली मॉरीशस यात्रा है।

**समझौते** : भारत और मॉरीशस के बीच हुए समझौतों में सामुद्रिक अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच हुई सहमति शामिल है। अन्य समझौतों में मॉरीशस के ऐगालेगा द्वीप पर सामुद्रिक और वायु परिवहन सुविधा, पारंपरिक औषधि विज्ञान और होमियोपैथी के क्षेत्र में सहयोग, 2015-18 के बीच सांस्कृतिक सहयोग पर कार्यक्रम और भारत से ताजे आम के

www.crackgpsc.com

आयात से जुड़े समझौते शामिल हैं। भारत ने मॉरीशस में दूसरा साइबर शहर स्थापित करने की पेशकश की। उल्लेखनीय है कि भारत ने दशक भर पहले मारीशस को पहला साइबर शहर स्थापित करने में मदद की थी। भारत ने आगमन पर वीजा की नई प्रणाली के संबंध में मॉरीशस के नागरिकों के लिए वीजा शुल्क तकनीकी तौर पर खत्म करने पर भी सहमति जताई।

- गूगल के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) पैट्रिक पिशेट ने इस्तीफा दिया।
- प्रख्यात फैंटेसी लेखक सर टेरेंस डेविड जॉन टेरी प्रैचेट का निधन।
- भारत ने हिंद महासागर द्वीप राष्ट्र सेशेल्स के साथ सुरक्षा और समुद्री साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। सेशेल्स के राष्ट्रपति जेम्स एलिक्स माइकल है।

**चार समझौते** : (1) हाइड्रोग्राफी में सहयोग (2) अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग (3) ढांचागत विकास में सहयोग (4) नेविगेशन चार्ट और इलेक्ट्रॉनिक नौवहन चार्ट की बिक्री में सहयोग। मोदी 34 साल में सेशल्स का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। इसके पूर्व इंदिरा गांधी ने 1981 में इस देश का दौरा किया था।

- टाइम्स हायर एजुकेशन ने वर्ष 2015 की वर्ल्ड रेप्युटेशन रैंकिंग जारी की। इस वर्ष की रैंकिंग में यूनाइटेड किंगडम के 12 उच्च शिक्षा संस्थान विश्व के सौ शीर्ष विश्वविद्यालयों में जगह बनाने में सफल रहे। इस में पहले स्थान अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, दूसरे स्थान पर ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज और तीसरे स्थान पर यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड है।
- केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने 'फार्मा जन समाधान' योजना का आरंभ किया। यह दवाओं की कीमतों एवं उपलब्धता के बारे में ग्राहकों की शिकायतों के निवारण की वेब आधारित प्रणाली है। 'फार्मा जन समाधान' योजना के तहत ग्राहकों एवं अन्य लोगों को दवाओं की गैर-वाजिब कीमतों, दवाओं की गैर-उपलब्धता, एनपीपीए की मूल्यं संबंधी स्वीकृति के बिना ही नई दवाओं की बिक्री और किसी समुचित कारण के बिना ही किसी दवा की बिक्री के लिए आपूर्ति से इनकार करने से जुड़ी अपनी शिकायतों के निवारण के लिए ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। एनपीपीए कोई भी शिकायत मिलने के 48 घंटे के अंदर कार्रवाई शुरू कर देगा।
- कांग्रेस विधायक और डिप्टी स्पीकर एन शक्तन को केरल विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया।
- भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी शिक्षक, गणसेन रेड्डी को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार क्वाजुलु नटाल 2015 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका में शिक्षण के क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार है। रेड्डी को यह पुरस्कार अपने लंबे शिक्षण कैरियर के दौरान उत्तम परीक्षा परिणाम, पुरस्कार और अपनी श्रेष्ठ शिक्षक छवि को बरक़रार रखते हुए शिक्षण को एक उच्च स्तर पर बनाये रखने की उपलब्धि के कारण दिया गया।
- समुद्री कछुए ओलिव रिडले (Lepidochelys olivacea) लुप्तप्राय प्रजातियों का समुहात्मक बसेरा ओडिशा के गंजम जिले के रुशिकुल्या नदी मुहाने के पास शुरू हुआ। बसेरे के पहले

www.crackgpsc.com

दिन करीब 10000 महिला कछुओं ने 3 किमी लंबी रेतीली समुद्री तट पर चारों ओर गोखाराकुदा से पोदाम्पेता तक अंडे दिए। वन्यजीव विशेषज्ञों ने पूर्वानुमान लगाया है कि यह अनोखी घटना है जो कुछ और दिनों के लिए जारी रहेगी।

- 12 मार्च 2015 को 'गुर्दा स्वास्थ्य सभी के लिए' विषय के साथ विश्व गुर्दा दिवस मनाया गया। विश्व गुर्दा दिवस प्रतिवर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। यह नेफ्रोलॉजी के इंटरनेशनल सोसायटी (ISN) और किडनी फाउंडेशन इंटरनेशनल फेडरेशन (IFKF) की एक संयुक्त पहल है।
- ब्रिटिश आयरिश वीजा स्कीम को भारत में लागू किया गया। यह योजना भारतीय नागरिकों को एक ही यात्रा पर, या तो देश से एक एकल यात्रा वीजा पर यूनाइटेड किंगडम (यूके) और आयरलैंड के लिए यात्रा करने की अनुमति देता है।
- इजरायल सिनेमा की अग्रदूत लिया वैन लीर का निधन हो गया। उन्होंने अपने पति के साथ 1950 के दशक में इजरायल के पहले सिनेमा क्लब की स्थापना की। वर्ष 1983 में उन्होंने यरूशलेम फिल्म समारोह शुरू किया। लिया वैन लीर को शांति के दूत के रूप में जाना जाता था।
- अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के मुताबिक साल 2014 में ऊर्जा क्षेत्र से वैश्विक $CO_2$ का उत्सर्जन नहीं बढ़ा है। साल 2014 में $CO_2$ का वैश्विक उत्सर्जन 32.3 बिलियन टन हुआ जो कि साल 2013 में भी वही था। आईईए के मुताबिक $CO_2$ के उत्सर्जन के न बढ़ने की वजह चीन और आर्थिक सहयोग एवं विकास (OECD) देशों में उर्जा खपत का बदलता पैटर्न है।
- भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल विश्व बैडमिंटन महासंघ की महिला रैंकिंगमें दूसरे स्थान पर पहुंच गई। पहले स्थान पर चीन की ली झुएरेई है। दो बार की विश्व कांस्य पदक विजेता सिंधु नौवें स्थान पर हैं। पुरुष एकल रैंकिंग में भारत के किदांबी श्रीकांत एक स्थान के सुधार के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ चौथी रैंकिंग पर पहुंच गए।
- सोशल नेटवर्किंग क्षेत्र की कंपनी फेसबुक ने शॉपिंग सर्च इंजन 'द फाइंड' का अधिग्रहण किया। इस अधिग्रहण के साथ फेसबुक ने ई-कॉमर्स क्षेत्र में प्रवेश किया। अधिग्रहण का उद्देश्य फेसबुक के विज्ञापन क्षेत्र में सुधार करना है। 'द फाइंड' की स्थापना वर्ष 2006 में कंपनी के मुख्य कार्यकारी शिव कुमार और मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी शक्तिकांत खंडेलवाल ने की थी। दोनों भारतीय मूल के हैं।
- दक्षिण प्रशांत द्वीपसमूह वानुआतु में शक्तिशाली चक्रवात पाम ने भारी तबाही मचाई। इसमें 270 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली विनाशकारी हवाएं चलीं और साथ ही मूसलाधार बारिश भी हुई।
- प्रख्यात गांधीवादी नारायण देसाई का निधन हो गया। देसाई महात्मा गांधी की डायरी लिखने वाले महादेव देसाई के पुत्र थे। वह गांधी कथा के गान के लिए प्रसिद्ध थे, जिसे उन्होंने वर्ष 2004 में शुरू किया था। नारायण देसाई का जन्म 24 दिसंबर 1924 को गुजरात के वलसाड में हुआ था और वह साबरमती आश्रम एवं वर्धा के सेवाग्राम आश्रम में बड़े हुए। देसाई विनोबा

www.crackgpsc.com

भावे के भूदान आंदोलन और जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति से जुड़े रहे। वर्ष 1993 में नारायण देसाई को अपने पिता महादेव देसाई की जीवनी हेतु साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया था। वर्ष 2001 में उन्हें गुजराती साहित्य के सर्वोच्च पुरस्कार रंजीतराम सुवर्णा चंद्रक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। नारायण देसाई ने महात्मा गांधी के जीवन और दर्शन पर आधारित 'मारु जीवन एज मारी वाणी' के लिए भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा वर्ष 2004 का 18वां मूर्तिदेवी पुरस्कार जीता था।

- 15 मार्च 2015 को सम्पूर्ण विश्व में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस प्रतिवर्ष 24 दिसंबर को मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पहली बार 24 दिसंबर 2000 को मनाया गया था।
- भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने स्विस ओपन ग्रां प्री बैडमिंटन टूर्नामेंट 2015 का पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। स्विस ओपन 2015 में कुल पाँच खिताब में से चीन ने चार खिताब जीते।
- हरियाणा विधान सभा ने गौवंश संरक्षण और गौसंवर्धन विधेयक, 2015 पारित किया। इस विधेयक के तहत राज्य में गौ हत्या, मांस की बिक्री पर कठोर सजा का प्रावधान हैं। साथ ही देसी गायों के विकास, लावारिश गौवंश को रखने के लिए गौशालाओं का निर्माण भी किया जाएगा। राज्य के बाहर गाय के निर्यात के लिए लोगों को परमिट के लिए आवेदन करना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि गायों का निर्यात उनके वध के लिए नहीं किया जा रहा है।

**क्या कहता है भारत का संविधान?**

संविधान का अनुच्छेद 48 कहता है कि देश आधुनिक एवं वैज्ञानिक आधार पर संगठित खेती और पशुपालन के लिए प्रयास करेगा और खासकर नस्लों को संरक्षित और उन्नत करने के लिए कदम उठाएगा। इसके साथ ही यह अनुच्छेद गो-हत्या, बछिया और अन्य दुधारू पशुओं की हत्या पर रोक लगाता है। गोहत्या संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्य का विषय (सूची II) है।

- क्रेडिट रेटिंग इनफॉर्मेशन सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (क्रिसिल) ने कंपनी के एमडी और सीईओ के रूप में आशु सुयश को नियुक्त किया। वे रूपा कुडवा का स्थान लेंगी और जून 2015 से प्रभार संभालेंगी। आशु को भारतीय वित्तीय सेवा उद्योग में 26 वर्ष से अधिक का अनुभव है। वह वर्तमान में एल एंड टी निवेश प्रबंधन लिमिटेड की सीईओ हैं। क्रिसिल स्टैंडर्ड एंड पूअर्स की एक भारतीय इकाई है।
- सेना ने टाईब्रेकर में मेजबान पंजाब को पराजित कर संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता 2015 (69वीं राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता) जीती। सर्विसेज (सेना) ने यह प्रतियोगिता चौथी बार जीती। संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता को सीनियर राष्ट्रीय फुटबाल चैम्पियनशिप भी कहते हैं। दोनों टीमें निर्धारित समय में कोई गोल नहीं कर सकी जिससे नतीजे के लिए टाईब्रेकर

www.crackgpsc.com

का सहारा लिया गया। संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत वर्ष 1941 में इंडियन फुटबाल एसोसिएशन ने की थी। सबसे अधिक 31 बार संतोष ट्रॉफी का खिताब पश्चिम बंगाल ने जीता है।

- राज्यसभा ने बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2015 को ध्वनि मत से पारित कर दिया। बीमा कानून (संशोधन) विधेयक में बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा को 26% से बढ़ाकर 49% करने का प्रावधान है। बीमा कानून (संशोधन) विधेयक के पारित होने के साथ ही बीमा कानून, 1938, साधारण बीमा (राष्ट्रीयकरण) विधेयक, 1972 और बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण विधेयक 1999 में भी संशोधन कर दिया गया।
- केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर के रूप में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम को नियुक्त किया। पूर्वोत्तर क्षेत्र में उपलब्ध 2.4 लाख करोड़ रुपए की कारोबारी संभावनाओं को निवेशकों के समक्ष रखने हेतु मैरीकॉम को इस क्षेत्र का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। एमसी मैरीकॉम पांच बार की विश्व चैंपियन और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता है। एमसी मैरीकॉम वर्ष 2014 के इंचियोन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज थी। 'मैग्निफिशेंट मैरी कॉम' नाम से मशहूर मैरीकॉम का जन्म 1883 में मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में हुआ था। मैरीकॉम की आत्मकथा का नाम 'अनब्रेकेबल' है। मैरीकॉम की जीवनी पर आधारित मैरीकॉम फिल्म को वर्ष 2014 में जारी किया गया था। इस में मैरीकॉम की भूमिका प्रियंका चोपडा ने निभाई थी। इस फिल्म को ओमंग कुमार ने निर्देशित किया था।
- फॉर्मूला वन टीम मर्सिडीज के चालक लुईस हैमिल्टन ने ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री का खिताब जीत लिया। मर्सिडीज के निको रोसबर्ग दूसरे और फेरारी के सेबेस्टियन वीटल तीसरे स्थान पर रहे।
- स्टॉकोहम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने अंतरराष्ट्रीय शस्त्र स्थानांतरण में रूझान 2014 रिपोर्ट जारी किया। इसके अनुसार भारत विश्व का सबसे बड़ा शस्त्र एवं सैन्य उपकरणों का आयातक है। वैश्विक आयात का 15% भारत में होता है और रूस इसका सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है। साल 2010-14 में भारत का आयात इसके क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों चीन और पाकिस्तान की तुलना में तीन गुणा अधिक था। अमेरिका, रूस, चीन, जर्मनी और फ्रांस साल 2010-14 में सबसे बड़े निर्यातक रहे। कुल हथियार निर्यात में इन पांच देशों की संयुक्त हिस्सेदारी 74% की रही। अमेरिका और रूस ने मिलकर सभी निर्यातों का 58% आपूर्ति किया। साल 2010-14 में चीन जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक बन गया। साल 2005-09 में चीन का स्थान नौवा था।
- सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे नागरिकों को अपने आधार कार्डों के इस्तेमाल के लिए मजबूर न करें। इसके अलावा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक भी व्यक्ति ऐसा न हो जिसे आधार कार्ड न मिले।
- संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित मिराक कैपिटल ने सहारा समूह पर 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के मानहानि का मुकदमा करने का फैसला किया। मिराक कैपिटल ने सहारा समूह के

साथ वित्तीय सौदे के विफल होने से उसकी छवि में नुकसान और निवशकों का उस पर से विश्वास टूटने का आरोप लगाया है। इसके अलावा उसने सहारा समूह पर जालसाजी के भी आरोप लगाए हैं।

- भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्रीय ओबीसी की सूची में जाटों को शामिल किए जाने के केन्द्र सरकार के निर्णय को निरस्त कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने इन कारणों से केंद्र सरकार के निर्णय को निरस्त कर दिया : पिछड़े वर्ग के राष्ट्रीय आयोग (NCBC) ने 26 फरवरी 2014 को पिछड़े वर्ग की केंद्रीय सूची में जाट समुदाय के शामिल किए जाने के केंद्र सरकार के अनुरोध को खारिज कर दिया क्योंकि वे सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग नहीं है। मंडल आयोग की सिफारिश के अनुसार जाति एक प्रमुख कारक है, लेकिन यह किसी वर्ग के पिछड़ेपन को तय करने का एकमात्र कारक नहीं हो सकती। ओबीसी सूची में जाट जैसे राजनीतिक रूप से संगठित वर्ग का समावेश अन्य पिछड़े वर्गों के लिए अच्छा नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि केंद्र का फैसला दशकों पुराने आंकड़ों पर आधारित है और आरक्षण के लिए पिछड़ेपन का आधार सामाजिक होना चाहिए, न कि आर्थिक या शैक्षणिक। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि सरकार को ट्रांसजेंडर जैसे नए पिछड़े ग्रुप को ओबीसी के तहत लाना चाहिए।
- भाजपा के विधायक कविंद्र गुप्ता जम्मू-कश्मीर के 12वें विधान सभा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। गुप्ता जम्मू जिले के गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं।
- देश की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो लिमिटेड ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के पूर्व शीर्ष अधिकारी आबिद अली नीमचवाला को कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) और समूह अध्यक्ष नियुक्त किया। आबिद अली की नियुक्ति एक अप्रैल 2015 से प्रभावी होगी।
- भारतीय मूल की अमेरिकी रेणु खटोर को अमेरिकन काउंसिल ऑफ एजुकेशन (एसीई) के निदेशक बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया। एसीई अमेरिका के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों की मुख्य समन्वयक संस्था है। उत्तर प्रदेश में जन्मीं खटोर वर्ष 2008 से यूनिवर्सिटी ऑफ हॉस्टन की सिस्टम चांसलर और अध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह एसीई बोर्ड की उपाध्यक्ष रह चुकी हैं।
- भारतीय शोधकर्ता मिनोती आप्टे को ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) वीमेन ऑफ द ईयर 2015 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान कैंसर पर शोध, उच्च शिक्षा व भारतीय समुदाय के प्रति योगदान के लिए प्रदान किया गया। आप्टे सिडनी की महत्वपूर्ण भारतीय आबादी के लिए काम करने वाली मराठी एसोसिएशन ऑफ सिडनी की एक सक्रिय सदस्य हैं।
- वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग ने एक नए संस्थान 'हस्तशिल्प एवं कालीन क्षेत्र कौशल परिषद' का गठन किया। परिषद नई दिल्ली में स्थित होगी। इस परिषद का उद्देश्य कारीगरों, दस्तकारों और निचले स्तर के कामगारों के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देना है। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में कौशल विकास को बढ़ावा

www.crackgpsc.com

देने की महती आवश्यकता है जिससे कि भारत अच्छी गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के उत्पादन में प्रतिस्पर्धी बन सके। इसके साथ ही 'मेक इन इंडिया' की सफलता के लिए हुनरमंद भारत आवश्यक है।

- युवा कवि, लेखक और टीवी पत्रकार आलोक श्रीवास्तव का चयन वर्ष 2014 के 'राष्ट्रीय दुष्यंत कुमार अलंकरण' हेतु किया गया। 'राष्ट्रीय दुष्यंत कुमार अलंकरण' पाने वालों में आलोक श्रीवास्तव सबसे कम उम्र के रचनाकार हैं। आलोक श्रीवास्तव हिंदी ग़ज़लकार, कथालेखक और टीवी पत्रकार हैं। आलोक श्रीवास्तव का पहला ग़ज़ल-संग्रह 'आमीन' प्रकाशित हुआ। 'आमीन' मानवीय-मूल्यों और इंसानी-रिश्तों के मर्म को समझाती कविताओं का एक ग़ज़ल-संग्रह है। 'आमीन' के बाद से आलोक 'रिश्तों का कवि' कहे जाने लगे। प्रथम 'राष्ट्रीय दुष्यंत कुमार अलंकरण' शायर अदम गोंडवी को दिया गया था।

## ➢ 3rd week

- भारत सरकार के रेल मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु ने भारतीय रेल के नवाचार परिषद 'कायाकल्प' परिषद का गठन किया। टाटा संस के सेवानिवृत्त अध्यक्ष एवं उद्योगपति रतन टाटा को भारतीय रेल के नवाचार परिषद 'कायाकल्प' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

  **'कायाकल्प' परिषद का उद्देश्य :**
  भारतीय रेलवे में सुधार, व्यापक बदलाव और उसकी बेहतरी के लिए अनूठे तरीके एवं प्रक्रियाएं सुझाना एवं भारतीय रेलवे में आधुनिकीकरण करने के लिये सुझाव देना।

  **'कायाकल्प' परिषद् का कार्य :**
  कायाकल्प परिषद सभी हितधारकों एवं अन्य इच्छुक पक्षों से सलाह-मशविरा करेगी। यह रेलवे में निवेश आकर्षित करने के लिए आवश्यक बदलावों की रूपरेखा तैयार करेगी और इसे एक नया चेहरा प्रदान करने के लिए सुझाव देगी।

- एचडीएफसी बैंक ने ग्राहकों द्वारा भारत में किसी भी व्यक्ति को तत्काल धन भेजने की सुविधा प्रदान करने हेतु मोबाइल एप्प चिल्लर शुरु की। बैंक ने कोच्चि स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी मोबमी (MobME) के साथ मिलकर इस एप्प को लांच किया। यह मोबाइल एप्प एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों को सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे तत्काल पैसा भेजने की सुविधा प्रदान करता है। चिल्लर के द्वारा अधिकतम लेन-देन की सीमा 5000 रुपए या प्रति दिन दस लेनदेन और 50000 रुपये प्रति माह है। धन को एम-पिन के माध्यम से ही पहुँचाया जा सकता है। 'एम पिन' केवल ग्राहक को पता होता है।

- परमाणु वैज्ञानिक अनिल काकोडकर ने आईआईटी मुंबई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। वर्ष 2006 में आईआईटी बंबई के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति से पहले अनिल काकोडकर ने वर्ष 2000 से वर्ष 2009 तक परमाणु ऊर्जा आयोग के

www.crackgpsc.com

अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वर्ष 1996 से वर्ष 2000 तक वह भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, ट्रॉम्बे के निदेशक रहे। उन्होंने उच्च तकनीक परियोजना ध्रुव रिएक्टर के डिजाइन और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। परमाणु विज्ञान में उनकी उपलब्धियों के लिए केंद्र सरकार ने अनिल काकोडकर को वर्ष 1998 में पद्मश्री, 1999 में पद्म भूषण और वर्ष 2009 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया है।

- वीके माथुर DRAT (Debt Recovery Appellate Tribunal) की इलाहाबाद बेंच के और गिरिजा शंकर चेन्नई बेंच के अध्यक्ष नियुक्त। उनकी नियुक्ति पांच वर्ष तक या उनकी उम्र 65 वर्ष होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, मान्य रहेगी।

**डीआरएटी**

भारत सरकार ने वर्ष 2000 में वित्तीय संस्थानों को त्वरित और कुशलता से अपने बुरे ऋण की वसूली में मदद करने हेतु देश भर में 33 DRT (Debts Recovery Tribunal) और 5 ऋण वसूली अपीलीय न्यायाधिकरण (डीआरएटी) का गठन किया है। पांच डीआरएटी इलाहाबाद, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में स्थित हैं।

- पाकिस्तान सरकार ने एयर मार्शल सोहेल अमान (Air Marshal Sohail Aman) को पाकिस्तान के वायुसेना (पीएएफ, Pakistan Air Force) का अध्यक्ष नियुक्त किया। सोहेल अमान ने एयर चीफ मार्शल ताहिर रफीक बट का स्थान लिया। सोहेल अमान लड़ाकू विमानों के एक कुशल पायलट हैं।
- भारत की स्वदेशी तकनीक के आधार पर विकसित दृष्टि से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल अस्त्र का ओडिशा के चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का सुखोई 30 लड़ाकू विमान से सफल प्रक्षेपण किया गया। यह सुपरसोनिक गति से दुश्मन के विमान को नष्ट कर सकती है। अस्त्र मिसाइल की परिचालन रेंज 60 किमी है।
- यह भारत की पहली दृष्टि से परे (बीवीआर) हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। सभी प्रकार की परिस्थितियों में काम करने में सक्षम और आधुनिक तकनीक पर आधारित इस मिसाइल को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया गया। 3.8 मीटर लंबी अस्त्र मिसाइल डीआरडीओ की सबसे छोटी मिसाइल है। इसे विभिन्न उंचाइयों से प्रक्षेपित किया जा सकता है।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams
www.crackgpsc.com

- श्रीलंका के क्रिकेट खिलाड़ी कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। संगकारा ने अपने पूरे करियर के दौरान सबसे ज़्यादा 2700 रन भारत के खिलाफ बनाए हैं। संगकारा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 13000 रन बनाने वाले दुनिया के चौथे क्रिकेटर बने। वे सनथ जयसूर्या के बाद 13000 रन पूरे करने वाले श्रीलंका के दूसरे खिलाड़ी हैं। सचिन तेंदुलकर और रिकी पोंटिंग 13000 रन पूरे करने वालों की सूची में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं। किसी विश्व कप में 500 से अधिक रन बनाने वाले संगकारा छठे बल्लेबाज हैं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 गुजराती पत्रकारों को बटुकभाई दीक्षित पुरस्कार प्रदान किया। गुजरात के सबसे पुराने समाचार पत्र 'डेली गुजरात मित्र' के पत्रकार हरेश जैन ने इस पुरस्कार को प्राप्त किया। हरेश जैन एक खेल पत्रकार और फीचर लेखक हैं। यह पुरस्कार सूरत शहर पत्रकार कल्याण निधि का वार्षिक पुरस्कार है। यह पुरस्कार पत्रकारों को पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दिया जाता है।
- चीन समर्थित एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) में यूके द्वारा बैंक में शामिल होने के फैसले के बाद फ्रांस, जर्मनी और इटली भी इसमें शामिल होंगे। अमेरिका द्वारा इस बैंक की पारदर्शिता पर सवाल उठाए जाने के बावजूद यूके इसमें शामिल होने वाला सबसे पहला पश्चिमी देश था। अगर अमेरिका के नेतृत्व वाले ये पश्चिमी देश बैंक में शामिल होते हैं तो भारत समेत बैंक के सदस्य देशों की कुल संख्या 30 हो जाएगी। AIIB 50 अरब डॉलर का अंतरराष्ट्रीय निवेश बैंक है और चीन के राष्ट्रपति झी जिनपिंग ने 2014 में इसकी शुरुआत की थी। इस बैंक की शुरुआत एशिया में बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं के समर्थन के लिए शुरु किया गया था। उम्मीद की जा रही है कि 2015 के अंत तक बैंक औपचारिक रूप से स्थापित हो जाएगा। 2014 में अन्य 20 देशों के साथ भारत ने चीन समर्थित एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) के संस्थापक सदस्य बनने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किया था।
- आपदा जोखिम में कमी लाने पर तीसरा संयुक्त राष्ट्र विश्व शिखर सम्मेलन (WCDRR) जापान के मियागी प्रान्त के सेनडाई शहर में आयोजित किया गया। शिखर सम्मेलन में कार्रवाई के लिए ह्योगो रूपरेखा (2005-15) के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई और आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए पोस्ट-2015 रूपरेखा को अपनाया गया। यह शिखर सम्मेलन दिसंबर 2013 में पारित संयुक्त राष्ट्र संकल्प के तहत किया गया। इस शिखर सम्मेलन में भारत के गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने देश का प्रतिनिधित्व किया।

**ह्योगो रूपरेखा 2005**

भारतीय मूल के नोबेल पुरस्कार विजेता सर वेंकटरमन रामकृष्णन ब्रिटेन के रॉयल सोसायटी के अध्यक्ष पद हेतु चयनित किये गए। वे 1 दिसम्बर 2015 को पद संभालेंगे। वे सर पॉल नर्स का स्थान लेंगे। सर वेंकटरमन रामकृष्णन इस पद के लिए चुने गये पहले भारतीय मूल के वैज्ञानिक हैं। वेंकटरमन रामकृष्णन को वर्ष 2009 में मॉलिक्युलर बायोलॉजी में महत्वपूर्ण



www.crackgpsc.com

योगदान के लिए रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। वर्ष 2010 में उन्हें भारत सरकार की ओर से पद्म विभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।

- हरियाणा सरकार ने गायों के लिए यूआईडीएआई (आधार कार्ड) की तर्ज पर गायों की देसी नस्ल को 'विशेष पहचान नंबर' जारी करने का निर्णय लिया। हरियाणा राज्य देश का ऐसा पहला प्रदेश होगा जहां गायों की पहचान के लिए 12 अंकों का यूनिक आईडी नंबर दिया जाएगा। यह 'विशेष पहचान टैग' और विशिष्ट नंबर 'भारतीय पहचान विशिष्ट प्राधिकरण' (Unique Identification Authority of India, UIDAI, यूआईडीएआई) के प्रारूप की तरह होगा। विशेष टैग में गाय की तस्वीर, नस्ल, रंग और शारीरिक बनावट के साथ ही उम्र की जानकारी होगी। इस योजना का उद्देश्य गायों को उनकी पहचान देना और गायों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रखना तथा सुविधा मुहैया करवाना है।
- लोकसभा में ध्वनि मत से निरस्त और संशोधन विधेयक, 2014 पारित हो गया। बिल में आंशिक या पूर्णरूप से 35 पुरातन कानूनों को निरस्त करने का प्रयास किया गया है क्योंकि वे निष्प्रभावी और अप्रचलित हो गए थे। इससे पूर्व 8 दिसंबर, 2014 को लोक सभा ने निरस्त और संशोधन (द्वितीय) विधेयक पारित किया जिसमें 90 कानूनों को निरस्त करने और दो कानूनों में संशोधन करने की मांग थी। 90 कानूनों में से 88 पूरी तरह से निरस्त किए जा चुके हैं। देश में 1741 कानून निरर्थक हो चुके हैं लेकिन फिर भी वे अभी तक अस्तित्व में बने हुए हैं। इस संबंध में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 741 विनियोग अधिनियमों की पहचान की जिन्हें निरस्त कर दिए जाने की जरुरत है।
- राष्ट्रीय हरित न्यायाधीकरण ने निर्देश दिया है कि जो भी व्यक्ति रेलवे संपत्ति पर कूडा कचरा फेंकेगा उसे पांच हजार रुपये जुर्माना देने पड़ेंगे। यह आदेश स्वच्छ भारत अभियान को लागू करने के उद्देश्य से दिया गया।
- फुटबाल की सर्वोच्च संस्था फीफा (अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ) ने फीफा यू-20 महिला विश्व कप-2018 और फीफा महिला विश्व कप-2019 की मेजबानी फ्रांस को सौंपी। फीफा महिला विश्व कप का आयोजन वर्ष 1991 से प्रत्येक चार साल पर होता है। इसका सातवां संस्करण 6 जून 2015 से 5 जुलाई 2015 के बीच कनाडा में होगा।

**फीफा (International Federation of Association Football)**

अंतरराष्ट्रीय फुटबाल महासंघ (International Federation of Association Football, फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन), जिसे आमतौर पर फीफा के नाम से जाना जाता है, फुटबॉल का एक अंतरराष्ट्रीय निकाय है। इसकी स्थापना 21 मई 1904 को की गई थी। इसका मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में स्थित है। इसके अध्यक्ष सेप ब्लैटर हैं। फीफा विश्व कप का आयोजन 1930 से हो रहा है।

- खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक 2015 को राज्यसभा ने मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक के जरिये वर्ष 1957 के मूल अधिनियम में संशोधन किया गया है।

www.crackgpsc.com

इस विधेयक में खनन से प्राप्त राजस्व का उपयोग स्थानीय क्षेत्र के विकास के साथ ही सरकार की विवेकाधीन शक्तियों को समाप्त करने की दिशा में पहल की गई है। इस में राज्यों को कई अधिकार दिये गये हैं। इसमें खनन लाइसेंस की नयी श्रेणी बनाई गई है। इसमें खनन के बारे में पट्टे की अवधि और पट्टे को बढ़ाए जाने की रूपरेखा का उल्लेख किया गया है। इसके साथ ही साथ इसमें खान से संबंधित रियायत प्रदान करने और इससे जुड़ी नीलामी प्रणाली के बारे में बताया गया है।

- ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री एवं लिबरल पार्टी के नेता मैलकॉम फ्रेजर का निधन हो गया।
- अमिताभ बच्चन भारत में केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण सार्वजनिक समस्या हेपेटाइटिस बी उन्मूलन अभियान के ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किए गए। हेपेटाइटिस बी उन्मूलन अभियान अप्रैल 2015 में शुरू किया जाएगा। यह अभियान केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी बच्चे टीकाकरण कार्यक्रम मिशन इन्द्रधनुष का एक हिस्सा है। अमिताभ बच्चन वर्ष 2005 से पोलियो उन्मूलन के लिए यूनीसेफ के साथ वैश्विक राजदूत के रूप में जुड़े हुए हैं। अमिताभ को वर्ष 2002 में भारत में पोलियो के मामलों की संख्या बढ़ने के बाद पल्स पोलियो अभियान का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया।
- सुमित्रा महाजन ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार द्वारा लिखित पुस्तक 'इंडियन पार्लियामेंटेरी डिप्लोमेसी - स्पीकर्स पर्सपेक्टिव' का विमोचन किया। इस पुस्तक का प्रकाशन लोकसभा सचिवालय ने किया। इस पुस्तक में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार की टिप्पणियों एवं अनुभवों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पुस्तक में विदेश नीति को आगे बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत बनाने में संसदीय कूटनीति की भूमिका का भी वर्णन है।
- पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मिसबाह उल हक और शाहिद अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।
- महाराष्ट्र सरकार ने गिरगांव चौपाटी का नाम वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक को सम्मानित करने हेतु स्वराज भूमि करने की घोषणा की। गिरगांव चौपाटी मुबंई, महाराष्ट्र का सबसे पुराना और सबसे लोकप्रिय समुद्र तट है। यह मुंबई में सूर्यास्त देखने का सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। गिरगांव तट को चौ-पटी कहा जाता था क्योंकि यहां पानी के चार चैनल मौजूद हैं।
- दुनिया भर में विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च 2015 को मनाया गया। वर्ष 2014 के विश्व गौरैया दिवस का विषय 'राइज फॉर द स्पैरो' रहा। पहला विश्व गौरैया दिवस 2010 में मनाया गया था। यह नेचर फॉरेवर सोसायटी ऑफ इंडिया के साथ ईको- सिस एक्शन फाउंडेशन (फ्रांस) और कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से शुरु किया गया अंतरराष्ट्रीय पहल है। नेचर फॉरएवर सोसायटी को एक भारतीय संरक्षणवादी मोहम्मद दिलावर द्वारा शुरू किया गया था। नेचर फॉरएवर सोसायटी वर्ष 2005 से शहरी आवासों में घरेलू गौरैया और अन्य आम वनस्पति और जीव के संरक्षण के लिए काम कर रहा है।

www.crackgpsc.com

- देहरादून-वाराणसी जनता एक्सप्रेस रायबरेली (उत्तर-प्रदेश) में दुर्घटनाग्रस्त हो गई।
- केंद्र सरकार ने सभी केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस बल में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का फैसला किया। यह आरक्षण केवल कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर स्तर पर ही लागू होगा। सब इंस्पेक्टर से ऊपर के पदों पर पहले की तरह भर्ती जारी रहेगी। जिन वर्गों को (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग) को पहले से आरक्षण मिला हुआ है, उनके कोटे में उस वर्ग की महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित होंगी। विदित हो कि जस्टिस वर्मा कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दुष्कर्म की शिकायत की जांच महिला पुलिस कर्मी द्वारा कराने की सिफारिश की थी और गृह मंत्रालय इसके अनुसार सीआरपीसी और आइपीसी में जरूरी संशोधन कर चुका है। लेकिन महिला पुलिस कर्मियों की कमी के कारण इसे पूरी तरह लागू करना संभव नहीं हो पा रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए महिलाओं को 33% आरक्षण देने का निर्णय लिया गया।
- कर्नाटक ने शेष भारत को हराकर ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। ईरानी ट्रॉफी पहली बार वर्ष 1959-60 में खेली गई, जिसमें मुंबई विजेता और शेष भारत उप विजेता था।
- प्रसिद्ध गायक लता मंगेशकर को लाडली वॉइस ऑफ द सेंचुरी पुरस्कार प्रदान किया गया।
- सिंगापुर के प्रथम प्रधानमंत्री ली कुआन यू का निधन हो गया। सिंगापुर को छोटे बंदरगाह से कारोबार का वैश्विक केन्द्र बनाने का श्रेय ली कुआन यू को दिया जाता है। कुआन ली ने सिंगापुर का प्रधानमंत्री रहते हुए देश को विश्व के शीर्ष देशों की कतार में खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई। वह पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) के सह संस्थापक थे। ली के बड़े बेटे ली सीन लूंग सिंगापुर के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं। ली को सिंगापुर का संस्थापक जनक कहा जाता है और उन्हें देश को महज तीन दशक के भीतर आर्थिक शक्ति के रूप में तब्दील करने का श्रेय जाता है।
- भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अपनी डबल्स साथी स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी मार्टिना हिंगिस के साथ नवीनतम डब्ल्यूटीए युगल रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ तीसरा स्थान हासिल किया। महिला एकल रैंकिंग में अंकिता रैना 253वीं रैंकिंग के साथ भारत की शीर्ष खिलाड़ी हैं।
- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने ली कुएन यू स्कूल ऑफ़ पब्लिक पॉलिसी, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिंगापुर (एनयूएस) के साथ ईज ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में भारत की रेटिंग में सुधार के लिए एक समझौता अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। एमओयू का उद्देश्य व्यापार की आसानी को बढ़ाना और विश्व बैंक के अनुसार भारत के वर्तमान 142वें स्थान से विश्व के शीर्ष 50 देशों के बीच लाना है।
- एचटीसी कारपोरेशन के सह संस्थापक चेर वेंग ने सीईओ का कार्यभार संभाला। उन्होंने पीटर चोउ का स्थान लिया। चेर वेंग ने 1997 में एचटीसी कंपनी की स्थापना की थी। तकनीक क्षेत्र में उन्हें सबसे सफल और शक्तिशाली महिलाओं में से एक माना जाता है। एचटीसी

कारपोरेशन का पूरा नाम हाईटेक कंप्यूटर कारपोरेशन है। यह ताइवान की स्मार्ट फोन और टेबलेट निर्माता कंपनी है। इसका मुख्यालय ताइवान के न्यू ताइपाइ सिटी में है।

- सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर को हराकर बीएनपी पारिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट-2015 के पुरुष एकल का खिताब जीता। उन्होंने इस जीत के साथ ही रोजर फेडरर के इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक चार पुरूष एकल खिताब की बराबरी की।
- रोमानिया की महिला टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप ने बीएनपी पारिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट-2015 के महिला एकल का खिताब जीता।
- केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने अप्रैल 2015 में राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूची जारी करने की घोषणा की। राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूची हवा की गुणवत्ता समझने का सरल, समग्र और आसान तरीका है। यह सूची स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले आठ प्रमुख प्रदूषण कारकों को मापेगा। इनमें मुख्य रूप से (पीएम 10 और पीएम 2.5) नाइट्रोजन डायऑक्साइड, सल्फर डायऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड, अमोनिआ शामिल हैं।
- न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (एनवायय्) ने यूएस के कैदियों को शिक्षित करने के लिए प्रिजन एजूकेशन प्रोग्राम (पीईपी) की घोषणा की। इस प्रोग्राम के प्रमुख न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी (एनवायय्) के भारतीय अमेरिकी प्रोफेसर निखिल पाल सिंह होंगे।
- 21 मार्च 2015 को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस जलवायु परिवर्तन और वन थीम के साथ मनाया गया। पहली बार अंतरराष्ट्रीय वन दिवस 21 मार्च 2013 को मनाया गया था।
- मराठी लोक गायक साहिर कृष्णराव साबले का निधन।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले तीन वर्ष के लिए विश्व भारती विश्वविद्यालय (प. बंगाल) का कुलाधिपति नियुक्त किया गया। इस पद पर उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की जगह ली। विदित हो कि विश्व भारती विश्वविद्यालय केंद्रीय और राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित है। यह ऐसा एकमात्र विश्वविद्यालय है, जिसका कुलाधिपति प्रधानमंत्री को नियुक्त किया जाता है। भारत के राष्ट्रपति इस विश्वविद्यालय के परिदर्शक (विजिटर) होते हैं।
- 'अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी सम्मेलन' जयपुर में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन इंडिया फाउंडेशन द्वारा पुलिस सुरक्षा और आपराधिक न्याय के सरदार पटेल विश्वविद्यालय के सहयोग से किया गया। इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी रणनीतियों पर विचार किया गया।
- न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर नाबाद 237 रन बनाए। उन्होंने केवल 152 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। गुप्टिल विश्व कप इतिहास में व्यक्तिगत तौर पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। मार्टिन गुप्टिल क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में वेस्ट इंडीज के क्रिस गेल के बाद दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे क्रिकेटर बन गए। गुप्टिल न्यूजीलैंड की तरफ से अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में पहला दोहरा शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने।

www.crackgpsc.com

- जिम्बाब्वे के क्रिकेटर ब्रेंडन टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। टेलर ने अपने कैरियर के अंतिम मैच में भारत के खिलाफ शतक बनाया और विश्व कप में लगातार दो शतक लगाने वाले जिम्बाब्वे के पहले खिलाड़ी बने।
- तंजावुर के शस्त्र विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने उष्णकटिबंधीय घास दरभा को इको- फ्रेंडली भोजन संरक्षक बताया। दरभा घास के इलेक्ट्रॉनिक माइक्रोस्कोपी ने जबरदस्त नैनो- पैटर्न और वर्गीकृत या माइक्रो संरचना दिखाया जबकि यह बात अन्य घासों में नहीं थी। वर्गीकृत सतह सुविधाओं (हिरैरकल सरफेस फीचर्स) में दरभा घास अकेला था जिसने बड़ी भारी संख्या में बैक्टिरिया को आकर्षित करते पाया गया। ये बैक्टिरिया दही के जमने के लिए जिम्मेदार हैं। दरभा का इस्तेमाल हानिकारक रसायनिक परिरक्षकों (प्रिजर्वेटिव्स) के स्थान पर प्राकृतिक खाद्य परिरक्षक के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा दरभा घास पर वर्गीकृत नैनो पैटर्न्स स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अनुप्रयोग खोज सकते हैं जहां जीवाणुहीन स्थितियां जरूरी होती हैं। दरभा घास (डेस्मोटाचा बिपिन्नाटा) वैदिक शास्त्रों में पवित्र सामग्री के तौर पर माना जाता है और धार्मिक अनुष्ठानों में इसे शुद्ध करने वाला पदार्थ बताया गया है। ग्रहण के दौरान दरभा घास को खाद्य वस्तुओं में खमीर उठाने के लिए डाला जाता है और ग्रहण के समाप्त होने के बाद उसे हटा लिया जाता था। वैदिक काल में दरभा घास का प्रयोग कीटाणुनाशक के तौर पर किया जाता था क्योंकि यह एकमात्र ऐसी घास थी जो ग्रहण के दौरान कीटाणुनाशक के रूप में इस्तेमाल की जा सकता थी। ग्रहण के दौरान नीले और पराबैगनी विकिरण जो अपने प्राकृतिक असंक्रमित प्रकृति के लिए जाने जाते हैं, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होते। परिणामतः ग्रहण के दौरान खाद्य उत्पादों में अनियंत्रित सूक्ष्म जीवों का विकास हो जाता है। विदित हो कि हिन्दू संस्कृति में इस दरभा घास को दूर्वा(दूब) के नाम से जाना जाता है।
- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष एन रामचंद्रन को राष्ट्रीय ओलंपिक समिति संघ (ANOC) के अंतरराष्ट्रीय संबंध आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ANOC अध्यक्ष शेख अहमद अल-फहद अल-सबाह है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त 25 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों वाले 14 सदस्य के आयोग में रामचंद्रन पहले भारतीय होंगे। ANOC की स्थापना 1979 में हुई थी और इसका मुख्यालय स्वीट्ज़रलैंड के लुसाने में है।
- जल संरक्षण के क्षेत्र में भारत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र सिंह को वर्ष 2015 के लिए स्टॉकहोम वाटर प्राइज हेतु नामित किया गया। 'जल पुरुष' के नाम से मशहूर राजेंद्र सिंह राजस्थान में रहते हैं और वहीं जल संरक्षण से संबंधित काम करते हैं। ग्रामीणों के साथ अपने प्रयासों के बूते उन्होंने तथा उनके संगठन ने कई नदियों को पुनर्जीवित किया है, जिससे ग्रामीणों को जल मिला है। इस सम्मान को 'पानी के लिए नोबेल पुरस्कार' के तौर पर भी जाना जाता है। 'स्टॉकहोम वॉटर प्राइज़' समिति के निर्णायकों का कहना है कि राजेंद्र सिंह की जल-संचय पद्धति से बाढ़ और मिट्टी के अपरदन का ख़तरा कम हुआ है जिससे वन्य जीवन को भी लाभ पहुंचा है। निर्णायकों का ये भी कहना है कि राजेंद्र

सिंह के तौर-तरीक़े आसान और सस्ते हैं जिन्हें सारी दुनिया में अपनाया जाना चाहिए। 'स्टॉकहोम वाटर प्राइज' की स्थापना स्टॉकहोम (स्वीडन) में वर्ष 1991 में की गई थी। यह पुरस्कार स्वीडन के राजकुमार द्वारा स्वीडन के सिटी हॉल में प्रतिवर्ष दिया जाता है।

- सेबी ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र को मंजूरी दी। कोई भी भारतीय स्टॉक एक्सचेंज जो सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त हो और कोई भी विदेशी स्टॉक एक्सचेंज जो उस देश में मान्यता प्राप्त हो अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र में सहायक स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना कर सकता है। कोई भी स्टॉक एक्सचेंज 25 करोड़ रुपये की पूंजी के साथ स्थापित किया जा सकता है। यह पूंजी पहले 100 करोड़ थी परन्तु 100 करोड़ के इस लक्ष्य को तीन सालों में प्राप्त करना अनिवार्य होगा। किसी भी क्लियरिंग कॉर्पोरेशन को 50 करोड़ रुपए की पूंजी के साथ स्थापित किया जा सकता है। यह पूंजी पहले 300 करोड़ थी परन्तु 300 करोड़ के इस लक्ष्य को तीन सालों किए अन्दर प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आईएफएससी विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम 2005 के तहत स्थापित किया जाएगा। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अपने भाषण में पहली आईएफएससी गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट) अहमदाबाद में स्थापित करने की घोषणा की थी।
- श्रीलंका के भूतपूर्व सेना प्रमुख सरत फोनसेका को देश के सर्वोच्च सैन्य पद फील्ड मार्शल के पद से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान राष्ट्रपति मीथिरिपाला श्रीसेना ने आतंकवाद पर विजय प्राप्त करने के लिए प्रदान किया। इसके साथ ही फोनसेका फील्ड मार्शल बनने वाले पहले श्रीलंकाई सैन्य अधिकारी बन गए। फोनसेका रक्षा स्टाफ के पूर्व प्रमुख हैं और अब वे कोलंबो जिले से श्रीलंका के संसद में सदस्य हैं। उनके नेतृत्व में 26 वर्ष तक चले श्री लंकाई नागरिक युद्ध 2009 में खत्म हुए जिसमें लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल इलम (एलटीटीई) के विद्रोहियों को श्रीलंका की सेना ने हराया।
- राजस्थान के जयपुर में आयोजित आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में CBRN आतंकवाद पर विचार विमर्श हुआ। CBRN आतंकवाद वैश्विक स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिरता के लिए स्पष्ट खतरा है। CBRN आतंकवाद विरोधी अभियानों में शामिल सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन गया है क्योंकि सामूहिक विनाश के लिए आतंकवादी समूह प्रौद्योगिकियों में हो रहे निरंतर विकास का प्रयोग कर रहे हैं।

**CBRN आतंकवाद** : केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल एंड न्यूक्लीयर टेररिज्म (रसायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी और परमाणु आतंकवाद)

- महाराष्ट्र राज्य सरकार ने राज्य में गुटखा की बिक्री को एक गैर जमानती अपराध घोषित किया। इस में पुलिस को आईपीसी की धारा 328 के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं जो कि गैर जमानती है। अब गुटखा बेचने वालों पर जहर देकर

www.crackgpsc.com

मारने की कोशिश के अपराध के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस अपराध के तहत 10 वर्ष की कैद का प्रावधान है।

## ➢ 4th week

- भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए अभिनेता शशि कपूर को भारतीय सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान दादासाहब फाल्के पुरस्कार 2014 के लिए चुना गया। शशि कपूर ने अपने फिल्म करियर की शुरुआत वर्ष 1948 में बाल कलाकार के तौर पर फिल्म 'आवारा' से की थी। शशि कपूर ने दीवार, कभी कभी, नमक हलाल, शान, जब-जब फूल खिले, सत्यम शिवम सुंदरम, त्रिशूल, काला पत्थर, सिलसिला जैसी फिल्मों सहित 116 फिल्मों में अभिनय किया है। शशि कपूर अपने पिता पृथ्वीराज कपूर और बडे भाई राज कपूर के बाद दादा साहेब फाल्के पुरस्कार पाने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य हैं। शशि कपूर का वास्तविक नाम बलबीर राज कपूर है। इस पुरस्कार का प्रारंभ दादा साहेब फाल्के के जन्म शताब्दी वर्ष 1969 से हुआ।

- **62वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार**
  - ➢ सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म: क्वीन (निर्देशक: विकास बहल)
  - ➢ सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: कंगना रनौत (हिंदी फिल्म क्वीन)
  - ➢ सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: विजय (कन्नड़ फिल्म नानू अवानाला अवालू)
  - ➢ सर्वश्रेष्ठ निर्देशन: सृजित मुखर्जी (बंगाली फिल्म चतुष्कोने)
  - ➢ सर्वाधिक लोकप्रिय फिल्म: मेरीकॉम (निर्देशक: ओमंग कुमार)
  - ➢ सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री फिल्म: शपथ

- सर्वोच्च न्यायालय ने आईटी क़ानून की धारा 66ए को रद्द कर दिया। इस धारा के तहत पुलिस किसी व्यक्ति को आपत्तिजनक ऑनलाइन कंटेंट के लिए गिरफ्तार कर सकती थी तथा इस मामले में तीन वर्ष की सजा भी हो सकती थी। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 ए से लोगों की जानकारी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार साफ तौर पर प्रभावित होता है।



- विश्व क्षय रोग दिवस 24 मार्च 2015 को मनाया गया। वर्ष 2015 का विषय है - पहुंच, उपचार, प्रत्येक को इलाज। विश्व क्षय रोग दिवस वर्ष 1882 में टीबी बेसिलस की खोज करने वाले डॉ रॉबर्ट कोच के जन्म दिवस पर 24 मार्च को प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। क्षय रोग (टीबी) माइकोबैक्टीरियम ट्यूबर क्लोसिस की वजह से होने वाली एक संक्रामक बीमारी है। भारत में हर दो मनट में एक व्यक्ति इस बीमारी के कारण दम तोड़ देता है। विश्व में प्रतिवर्ष क्षय रोग से दस लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है।
- भारतीय कलाकार भारती खेर को फ्रांस के सर्वोच्च सांस्कृतिक पुरस्कार 'नाइट ऑफ द ऑर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स' से सम्मानित किया गया। समकालीन कला क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान हेतु उन्हें यह सम्मान दिया गया। भारती खेर को चौदह फीट ऊंची प्रतिमा के माध्यम से नीली स्पर्म व्हेल के हृदय को दर्शाने के कारण प्रसिद्धि मिली थी। भारती खेर चित्रकारी, कलात्मक मूर्तियां बनाने के लिए जानी जाती हैं। भारती बिंदी के साथ किये गये उल्लेखनीय प्रयोग के लिए प्रसिद्ध है।
- फ्रांस का नाइट ऑफ दी आर्डर ऑफ आर्टस एंड लैटर्स (Knight of the Order of Arts and Letters) प्रतिष्ठित पुरस्कार कला, संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मिशन इन्द्रधनुष के लिए मीडिया अभियान की शुरुआत की। मीडिया अभियान में जावेद अख्तर द्वारा रचित एक गीत भी शामिल है। यह अभियान देश के प्रत्येक बच्चे को सभी टीका निवारणीय रोगों से बचाने और उसके महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु शुरू किया गया। यह अभियान 7 अप्रैल 2015 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शुरू होगा। इस अभियान के तहत सभी दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे और गर्भवती महिलाओं को कवर किया जाएगा। 'मिशन इंद्रधनुष' का उद्देश्य वर्ष 2020 तक उन सभी बच्चों को इसके दायरे में लाना है, जिनका सात 'टीका निवारणीय' रोगों के विरुद्ध या तो टीकाकरण हुआ ही नहीं है अथवा उनका आंशिक टीकाकरण ही हुआ है। इन सात टीका निवारणीय रोगों में डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, टीबी, खसरा और हैपेटाइटिस बी शामिल हैं। पहले चरण में 'ज्यादा फोकस' वाले 201 जिलों में टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। दूसरे चरण में 297 जिलों को लक्षित किया जाएगा।
- भारतीय मूल के अमेरिकी लेखक और उपन्यासकार अखिल शर्मा के उपन्यास "फैमली लाइफ" ने वर्ष 2015 का फोलियो पुरस्कार जीता। लेखक को इस पुस्तक को लिखने में 13 वर्ष लग गए। "फैमली लाइफ" अमेरिका में बसे एक आप्रवासी परिवार की कहानी है। यह पुरस्कार ब्रिटेन में अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित फिक्शन श्रेणी की सर्वश्रेष्ठ रचनाओं के लिए दिया जाता है। "फैमली लाइफ" में दिल्ली में जन्मे युवा अजय के एक भारतीय परिवार की कहानी है जो बेहतर जिंदगी की तलाश में विदेश जाता है। उनकी खोज न्यूयॉर्क के क्वींस में जाकर खत्म होती है। अजय के परिवार में सबकुछ ठीकठाक चल रहा होता है, जब एक दुखद घटना से पूरा परिदृश्य ही बदल जाता है।

www.crackgpsc.com

- भारतीय पारिस्थितिकी वैज्ञानिक माधव गाडगिल और अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ जेन ल्युब्चेंको को पर्यावरण उपलब्धि के लिए 2015 के टायलर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता की नीतियों के विकास में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा। माधव गाडगिल इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले दूसरे भारतीय हैं। इनसे पहले भारत में फसलों की पैदावार में सुधार लाने में उनके योगदान के लिए एमएस स्वामीनाथन को यह पुरस्कार 1991 में प्रदान किया गया था। पारिस्थितिकी वैज्ञानिक माधव गाडगिल पश्चिमी घाट पारिस्थितिकी विशेषज्ञ पैनल (डब्लूजीईईपी) के अध्यक्ष रहे हैं। पश्चिमी घाट के पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और उसमे स्थानीय समितियों को शामिल किए जाने पर उनकी ऐतिहासिक रिपोर्ट के लिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है। डॉ ल्युब्चेंको को यह पुरस्कार 2009 से 2013 के दौरान राष्ट्रीय समुद्रीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) के प्रशासक के रूप में समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदान किया जा रहा है।

  **टायलर पुरस्कार**

  टायलर पुरस्कार 1973 में स्थापित किया गया था। टायलर पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के समर्थन से अंतर्राष्ट्रीय टायलर पुरस्कार कार्यकारी समिति द्वारा प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार पर्यावरण विज्ञान और नीति में असाधारण दूरदर्शिता और समर्पण के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के संस्थापक जॉन और ऐलिस टायलर थे।
- भारतीय रेलवे ने रुपे प्रीपेड कार्ड का शुभारंभ किया। इस कार्ड का उपयोग रेल यात्रियों द्वारा टिकट को बुक करने और खरीदारी करने में किया जा सकेगा। यह कार्ड यूनियन बैंक या आईआरसीटीसी से प्राप्त किया जा सकता है। यह रुपे प्री-पेड कार्ड भारतीय रेलवे की पर्यटन और भुगतान शाखा आईआरसीटीसी और यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के सहयोग से शुरू किया गया है। रुपे भारत का अपना भुगतान गेटवे नेटवर्क है जो बैंकों के डेबिट कार्ड को सेवा प्रदान करने का एक विकल्प प्रदान करता है। कार्ड का प्रारंभिक मूल्य 10,000 निर्धारित किया गया है।
- गुजरात के राज्यपाल ओपी कोहली ने अहमदाबाद में सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक में गुजरात डाक सर्किल की 13वीं राज्य स्तरीय डाक टिकट संग्रह प्रदर्शनी गुजपेक्स-2015 का उद्घाटन किया।
- केंद्र सरकार ने नेताओं, सरकारी एजेंसियों और नागरिकों के बीच सीधे संचार के लिए ट्विटर संवाद नामक एक नए मंच का शुभारंभ किया। इस मंच को मिक्रोब्लोगिंग साइट ट्विटर के सहयोग से शुरू किया गया है। ट्विटर संवाद के माध्यम से नागरिक दैनिक आधार पर अपने मोबाइल डिवाइस पर एसएमएस के माध्यम से सरकारी निकायों से जुड़े रहेंगे। इस सेवा की

www.crackgpsc.com

शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डिक कोस्टलो से नई दिल्ली में हुई मुलाक़ात के दौरान की गई। इस सेवा का लक्ष्य देश की ई-शासन योजना को बढ़ावा देना है। अभी 16 सरकारी कार्यालय जिनमें प्रधानमंत्री कार्यालय, रेल मंत्रालय और बेंगलुरू पुलिस शामिल है, ट्विटर संवाद से जुड़े हैं। इसके साथ ही आंध्र प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री भी इससे जुड़े हैं। अभी इसका संचालन बेंगलुरु की कम्पनी जिप डायल द्वारा किया जा रहा है जिसका अधिग्रहण ट्विटर द्वारा किया जा चुका है।

- डॉली शिवानी चेरुकुरी तीरंदाजी प्रतियोगिता में 5 से 7 मीटर दूरी वाली स्पर्धा में 200 अंक अर्जित करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की तीरंदाज बन गई। रिकॉर्ड्स बनाने के समय उसकी उम्र 2 वर्ष 11 माह 21 दिन थी। डॉली के पिता चेरुकुरी सत्यनारायण तीरंदाजी अकादमी चलाते हैं।
- हिंदी कवि और अनुवादक दिनकर कुमार का चयन रूस के अंतरराष्ट्रीय पुश्किन सम्मान-2012 के लिए किया गया। दिनकर कुमार के चार कविता-संग्रह, दो उपन्यास, दो जीवनियां एवं असमिया भाषा से पचास से अधिक पुस्तकों का अनुवाद प्रकाशित हो चुका है। दिनकर कुमार गुवाहाटी (असम) में प्रकाशित होने वाले हिंदी दैनिक सेंटिनल के संपादक हैं।

**अंतरराष्ट्रीय पुश्किन सम्मान**

रूस के 'भारत मित्र समाज' की ओर से प्रतिवर्ष हिंदी के एक प्रसिद्ध कवि-लेखक को मास्को में हिंदी- साहित्य का यह महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय सम्मान दिया जाता है।

- एशियाई विकास बैंक ने वार्षिक रिपोर्ट 'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक 2015' (Asian Development Outlook 2015) जारी किया। एडीबी ने इस में अनुमान व्यक्त किया है कि भारत की वृद्धि दर चीन की वृद्धि दर से अधिक होकर वित्त वर्ष 2015-16 के दौरान बढ़कर 7.8% और वित्त वर्ष 2016-17 में यह 8.2% हो जाएगी। भारत अगले कुछ वर्षों में चीन से अधिक तेजी से वृद्धि दर्ज करेगा।
- भारत की सबसे वृद्ध महिला रोसा एलिस कुंजननाम एंटनी (Rosa alias Kunjannam) का निधन हो गया।
- भारत के अमिताव घोष को दूसरी बार मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार (2015) के लिए चयनित अंतिम 10 लेखकों की सूची में शामिल किया गया। मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार 2015 के लिए चयनित अंतिम 10 लेखकों की सूची में शामिल वह एकमात्र भारतीय लेखक हैं। अंग्रेजी भाषा के लेखन में योगदान के लिए उनको इसमें शामिल किया गया।
- यह पुरस्कार प्रति दो वर्ष पर किसी एक ऐसे लेखक को दिया जाता है जो मूल रूप से अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित हो अथवा उसके काम का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया हो। पुरस्कार राशि के तौर पर लेखक को 60 हजार पौंड (करीब 56 लाख रुपये) की धनराशि दी जाती है। मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष किसी एक कथा (Fiction) हेतु दिए जाने वाले मैन

www.crackgpsc.com

बुकर पुरस्कार से अलग है। मैन बुकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार साहित्यिक उत्कृष्टता के लिए किसी लेखक को दिया जाता है। विदित हो कि अमिताव घोष यह पुरस्कार जीतने में कामयाब होते हैं, तो वह सलमान रुश्दी, अरुंधती रॉय, किरण देसाई और अरविंद अडिग के बाद पांचवें भारतीय होंगे।

- आस्ट्रेलिया नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के वैज्ञानिकों ने ऑस्ट्रेलिया के वरबर्टन बेसिन में दुनिया के सबसे बड़े क्षुद्रग्रह प्रभाव क्षेत्र को पाया। प्रभाव क्षेत्र का विस्तार 400 किलोमीटर( लगभग 250 मील) तक है। इससे पहले सबसे बड़ा क्षुद्रग्रह प्रभाव क्षेत्र दक्षिण अफ्रीका के व्रेडेफोर्ट क्रेटर को माना जाता था। इसका व्यास 380 किलोमीटर (236 मील) था। उस क्षुद्रग्रह की धरती से टकराने की घटना 2023 मिलियन वर्ष पहले मानी जाती है। इस टकराव से उत्पन्न क्रेटर को दुनिया का सबसे पुराना ज्ञात गड्ढा (क्रेटर) माना जाता है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा वर्ष 2015 के अंत तक अफगानिस्तान से सेना की वापसी की प्रक्रिया को धीमा करने के लिए सहमत हुए।
- यह योजना यूपीए सरकार द्वारा वर्ष 2008 में शुरू की गई थी। इस का उद्देश्य एक ऐसा आधार तैयार करना है जिसमें किसानों, प्रक्रमकों, खुदरा विक्रेताओं को एक साथ लाते हुए कृषि उत्पादों को बाजार से जोड़ना है ताकि उत्पादों का अधिकतम मूल्य, उत्पादों की कम-से-कम बर्बादी, किसानों की आय में वृद्धि एवं सभी क्षेत्रों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा सके। केंद्र सरकार एक मेगा फूड पार्क स्थापित करने हेतु 50 करोड रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

**मेगा फूड पार्क योजना (MFPs)**

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 17 मेगा फूड पार्क (MFPs) को मंजूरी प्रदान की। फूड पार्क के निर्माण का उद्देश्य खाद्य अपव्यय को कम करने और मूल्यवर्द्धन बनाने हेतु खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देना है। देश के 11 राज्यों के 17 समुचित प्रस्तावों का चयन किया गया। 17 नव चयनित मेगा फूड पार्कों से अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने का अनुमान है। 17 मेगा फूड पार्कों पर 2300 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसमें से 850 करोड़ रुपये केंद्र सरकार अनुदान के रूप में देगी। साथ ही 4000 करोड़ रुपये का निवेश इन पार्कों में लगने वाली फूड प्रोसेसिंग इकाइयां करेंगी। देश भर में स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा अब तक 42 मेगा फूड पार्कों को मंजूरी दी गई है।

- केन्द्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्री डा. हर्षवर्धन ने स्वदेश विकसित रिमोट नियंत्रित ध्रुवीय व्हीकल राष्ट्र को समर्पित किया। इससे देश में मानसून का पूर्वानूमान लगाने की क्षमता में वृद्धि होगी। स्वदेश विकसित रिमोट नियंत्रित ध्रुवीय व्हीसकल वहां भी जा सकेगा जहां जाने में अभी मानव समर्थ नहीं है। इस रिमोट नियंत्रित व्हीधकल का विकास अटोर्कटिका में हमारे वैज्ञानिकों ने बेहद विपरीत मौसम वाले ध्रुवीय क्षेत्र में किया।

www.crackgpsc.com

- भारतीय नौसेना ने तीन आईएसवी (Immediate Support Vessels)-आईएसवी टी-38, आईएसवी टी-39, आईएसवी टी-40 के दूसरे खेप का आंध्र प्रदेश के विशाखपत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड पर जलावतरण किया। तीनों आईएसवी भारी मशीनगनों (Heavy Machine Guns, HMGs) से लैस हैं और इनमें अत्याधुनिक राडार और नेवीगेशन उपकरण भी लगे हुए हैं। आईएसवी भारतीय नौसेना के हल्के निगरानी पोत हैं, जिसे विषम से विषम परिस्थितियों में कमांडो को लाने ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। ये पोत दिन तथा रात दोनों समय में निगरानी करने में सक्षम हैं।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) की उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने महाराष्ट्र में सूखा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 2000 करोड़ रुपए मंजूर किए। राज्य के पूर्वी हिस्से का विदर्भ क्षेत्र सबसे ज्यादा सूखे की स्थिति से प्रभावित है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुउद्देशीय और मल्टी मॉडल प्लेटफार्म प्रगति (प्रो एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इंप्लीमेंटेशन) का शुभारंभ किया। PRAGATI (Pro-Active Governance And Timely Implementation) पोर्टल ने प्रधानमंत्री कार्यालय के मौजूदा पब्लिक वेब इंटरफेस का स्थान लिया।

**उद्देश्य** : इसका उद्देश्य आम जन की शिकायतों का समाधान करना और साथ-साथ भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम और परियोजनाओं तथा राज्य सरकार के परियोजनाओं की निगरानी और समीक्षा करना है।

**प्रगति एप्लीकेशन की प्रमुख विशेषताएं**

- यह तीन स्तरीय (पीएमओ, केंद्र सरकार के सचिवों तथा राज्यों के मुख्य सचिवों) प्रणाली है।
- प्रधानमंत्री मासिक कार्यक्रम में वीडियों कॉफ्रेंसिंग के जरिए भारत सरकार के सचिवों तथा राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ संवाद करेंगे।
- ऐसा पहला कार्यक्रम 25 मार्च 2015 को हुआ।
- यह कार्यक्रम प्रत्येक महीने के चौथे बुधवार को 3:30 बजे होगा। इसे प्रगति दिवस कहा जाएगा।
- उठाए जाने वाले मामले प्रगति दिवस यानी प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार से सात दिन पहले अपलोड किए जाते हैं।
- ऐप्लीकेशन के उपयोग के साथ ही केंद्र सरकार के विभिन्न सचिव तथा राज्यों के मुख्य सचिव मामलों को देख सकते हैं।
- केंद्र सरकार के विभिन्न सचिवों तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को मामला समक्ष आने के तीन दिन के अंदर मामले पर अपनी राय और ताजा कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।
- प्रगति पोर्टल के द्वारा संबंधित विभाग में जिस तरह का भ्रष्टाचार हो रहा है उसकी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

www.crackgpsc.com

- प्रगति के पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल में 'पीएमओ सीपीग्राम्स' के नाम से पोर्टल चलाया जाता था। इसमें भ्रष्टाचार का कॉलम बनाया गया था।
- देश से भ्रष्टाचार मिटाने में पोर्टल प्रगति अहम भूमिका निभा सकता है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री का यह प्रयास केंद्र की योजनाओं को गति देने और समय से उन्हें पूरा करने की दिशा में सार्थक कदम साबित हो सकता है।

- गूगल इंक ने रूथ पोराट को मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया। वे पैट्रिक पिशेट का स्थान लेंगी। वर्तमान में पोराट वैश्विक निवेश बैंक मॉर्गन स्टैनली की सीएफओ हैं।
- विक्रमजीत सिंह ओबराय को ईआईएच लिमिटेड का एमडी नियुक्त किया गया। ईआईएच लिमिटेड ओबेराय समूह के अंतर्गत आने वाले ओबेराय होटल का संचालन करने वाली कम्पनी है। वर्तमान में विक्रम ओबेरॉय कम्पनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य संचालन अधिकारी (सीओओ) है। ओबेराय समूह विश्व में अपनी होटल श्रृंखलाओं के लिए जाना जाता है।
- लिकुड पार्टी के बेंजामिन नेतन्याहू ने वर्ष 2015 के इसराइल के आम चुनाव में जीत दर्ज की।
- चीन ने प्रदूषण में कटौती करने के उद्देश्य से 845 मेगावाट (मेगावाट) के अपने आखरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र को बंद करने की घोषणा की है। यह बिजली संयंत्र बीजिंग में स्थित है। इस बिजली संयंत्र को अब गैस आधारित बिजली संयंत्र के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। इससे पहले चीन तीन कोयला आधारित बिजली संयंत्रों को बंद कर चुका है।
- भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों ने सीमा मसले पर नई दिल्ली में 18वें दौर की वार्ता की। सीमा विवाद का सौहार्दपूर्ण हल मिलने तक भारत और चीन ने अपने हिमालयीय सीमा पर शांति बनाए रखने पर सहमति जताई। दोनों ओर से आतंकवाद, समुद्री सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, संयुक्त राष्ट्र और नागरिक परमाणु उर्जा सहयोग में सुधार पर भी चर्चा की।
- जर्मनविंग्स एयरबस A320 का हवाई जहाज 4U 9525 फ्रेंच आल्प्स में डिगने और बार्सलोनेट के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में सभी 144 यात्रियों की और चालक दल के 6 सदस्यों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं लगाया जा सका है।
- भारत और कतर ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक और आर्थिक आदान-प्रदान बढ़ाने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी भारत की दो दिवसीय सरकारी यात्रा पर थे।

  **छह समझौते:** (1) सजायाफ्ता कैदियों का आदान-प्रदान (2) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग (3) भारत के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और कतर के मौसम विभाग के बीच वायुमंडलीय और समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग (4) छात्रों, शिक्षकों और विशेषज्ञों के आदान-प्रदान के लिए और राजनयिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के ढांचे और पाठ्यक्रम के बारे में सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए समझौता (5) रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में सहयोग

www.crackgpsc.com

(6) देश की प्रमुख संवाद एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया (यूएनआई) और कतर न्यूज एजेंसी (क्यूएनए) के बीच समाचारों के आदान प्रदान हेतु समझौता।

- सुप्रसिद्ध गीतकार और कवि गोपालदास नीरज को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रथम राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्थापित यह पहला राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान है।
- उषा इंटरनेशनल लिमिटेड ने 6वें वार्षिक फ्लेम पुरस्कार 2015 का स्वर्ण पुरस्कार जीता। उषा इंटरनेशनल लिमिटेड को छोटे शहरों और गांवों में उनकी ग्रामीण विपणन पहल हेतु सम्मानित किया गया। उषा इंटरनेशनल लिमिटेड संपर्क परियोजना के माध्यम से चार लाख से अधिक परिवारों तक पहुँच चुकी है।
- रेल मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड के मौजूदा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रकोष्ठ के कामकाज की समीक्षा हेतु अवकाश प्राप्त आईएएस अधिकारी अजय शंकर की अध्यक्षता में समिति गठित करने का निर्णय लिया।
- सऊदी अरब ने यमन में हाउती विद्रोहियों के विरुद्ध सैन्य अभियान शुरू कर दिया। हाउती विद्रोहियों के प्रभाव के चलते यमन के राष्ट्रपति अब्दुराबुह को पहले ही यमन छोड़ कर भागना पड़ा है। इस सैन्य अभियान को नौ अन्य देशों के सहयोग से चलाया जाएगा।
- भारत के उपराष्ट्रपति मुहम्मद हामिद अंसारी ने प्रो. दीपक नायर द्वारा लिखित पुस्तक 'फेसेस एंड प्लेसेस' (Faces and Places) का विमोचन किया।
- फोर्ब्स मिडास 2015 की सर्वश्रेष्ठ उद्यम पूंजी निवेशकों की सूची में 11 भारतीय अमेरिकी भी शामिल हैं। ये लोग उन कारोबारियों में से हैं जो मौके को भांपने में माहिर हैं। ये लोग उन कारोबारों पर दांव लगाते हैं जो शुरुआत में भले ही कम मुनाफे वाला दिखता है, लेकिन बाद में अत्यधिक मुनाफा देते हैं। फोर्ब्स की जादुई पूंजी निवेशकों की सूची में लगातार दो बार शीर्ष पर रहने वाले निवेशक जिम गोएट्ज हैं, जिन्होंने व्हाट्सऐप में संस्थागत निवेश किया था। फोर्ब्स के अनुसार जिम को व्हाट्सऐप में निवेश से 3 अरब से अधिक डॉलर का मुनाफा हुआ। इस सूची में शीर्ष भारतीय अमेरिकी निवेशक 49 वर्षीय अनील भूसरी हैं, जो वर्कडे के मुख्य कार्यकारी और सह-संस्थापक हैं। वर्कडे एक क्लाउड आधारित वित्तीय एवं मानव संसाधन सॉफ्टवेयर कंपनी है। फोर्ब्स की 100 लोगों की सूची में 17वें स्थान पर है और उनके पास 1.22 अरब डॉलर की संपत्ति है।
- केंद्रीय कपड़ा (राज्य) मंत्री संतोष कुमार गंगवार ने उत्तर पूर्व क्षेत्र में जीयो- टेक्सटाइल के उत्पादन के लिए 430 करोड़ रुपये के परियोजना की घोषणा की।
- अंतर्राष्ट्रीय गुलाम पीडित स्मरण दिवस और ट्रान्स अटलांटिक दास व्यापार के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून और महासभा के अध्यक्ष सेम कुटेसा ने 'आर्क ऑफ रिटर्न' का उद्घाटन किया। अमेरिकी वास्तुविद रोडनी लिओन द्वारा डिजाइन किये गए इस स्मारक का मकसद दास व्यापार की त्रासद परंपरा को रेखांकित करना है जिसके कारण चार सदियों तक 1.5 करोड़ अफ्रीकी मानवाधिकारों से वंचित हुए और उनके सम्मान को चोट

www.crackgpsc.com

पहुंची। भारत ने अटलांटिक महासागर पार दास व्यापार और गुलामी प्रथा के शिकार हुए लोगों की याद में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बनाये गए इस स्थायी स्मारक के लिए 260,000 डॉलर का योगदान दिया है।

- नार्वे की विज्ञान एवं साहित्य अकादमी (The Norwegian Academy of Science and Letters) द्वारा जॉन एफ नैश जूनिअर (John F. Nash Jr.) और लुइस निरेनबर्ग (Louis Nireebarg) को 2015 के 'एबेल' पुरस्कार (Able Prize) से सम्मानित किया गया।

**एबेल पुरस्कार**

विदित है कि एबेल पुरस्कार नार्वे के प्रसिद्ध गणितज्ञ नील्सम हैनरिक एबेल की स्मृति में प्रदान किया जाता है। उन्हें 'एलेप्टिक फंक्शन' नामक अपने गणितीय सिद्धान्त के लिए जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने 'अनन्त श्रेणी' के सिद्धान्त के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। गणित का नोबेल माना जाने वाला यह पुरस्कार गणित के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2001 में की गई। पहला एबेल पुरस्कार फ्रांस के गणितज्ञ जीन-पियरे सेर्रे (Jean Pierre Serre) को वर्ष 2003 में प्रदान किया गया। वर्ष 2007 में भारतीय मूल के अमेरिकी गणितज्ञ एस. आर. श्रीनिवास वर्धन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

- टीसी गोयल डीएलएफ लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पद से निवृत। उन्होंने कंपनी के निदेशक पद से भी इस्तीफा दिया। टीसी गोयल की सेवानिवृत्ति के बाद कंपनी के मामलों के लिए संयुक्त जिम्मेदारी मोहित गुजराल और राजीव तलवार की होगी। मोहित गुजराल और राजीव तलवार कंपनी के आजीवन निदेशक हैं। टीसी गोयल टीम को सलाह देने तथा नेतृत्व और मार्गदर्शन करने के लिए चीफ मेंटर के रूप में कंपनी के साथ जुड़े रहेंगें।
- रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने असम में लुमडिंग से सिलचर तक की पहली मालगाड़ी को रवाना किया। केंद्र सरकार की वर्ष 2020 तक पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों की राजधानियों को रेल नेटवर्क से जोड़ने की योजना है। 210 किलोमीटर लुमडिंग-सिलचर गेज कन्वर्जन सेक्शन असम की बराक घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।
- वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने मिजोरम के चम्फाई जिला के ज़ोखावथार में भारत-म्यांमार सीमा व्यापार केंद्र में एक भूमि सीमा शुल्क स्टेशन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उत्तर-पूर्वी राज्यों में विकास को तेजी से बढ़ाना चाहती है।
- केरल के वित्त मंत्री केएम मणि को जीएसटी लागू करने के लिए राज्यों के वित्तमंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। केएम मणि ने जम्मू कश्मीर के पूर्व वित्त मंत्री अब्दुल रहीम रादेर का स्थान लिया। राज्यों के वित्तमंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का प्रारंभ भारत सरकार द्वारा 17 जुलाई 2000 को क्या गया था।

www.crackgpsc.com

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ई-क्रांति: राष्ट्रीय ई-गवर्नेन्स प्लान (एनईजीपी) 2.0 के दृष्टिकोण और प्रमुख घटकों को मंजूरी प्रदान की। ई-क्रांति डिजिटल भारत कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है और यह कार्यक्रम इलैक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। ई-क्रांति का विजन है : गवर्नेन्स के कायाकल्प के लिए ई-गवर्नेन्स का कायाकल्प।
- चीन और श्रीलंका ने दोनों देशों के बीच आपसी साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से पाँच समझौतों पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाल श्रीसेन की पहली चीन यात्रा के दौरान बीजिंग में हुआ।
- मिजोरम के पूर्व मुख्यमंत्री ब्रिगेडियर थेनफुन्गा सैलो (Thenphunga Sailo) का निधन। ब्रिगेडियर सैलो ने भारतीय सेना से वर्ष 1974 में सवानिवृत्त होने के बाद मानवाधिकार समिति का गठन किया, ताकि आतंकवाद से पीड़ित मिजोरम के लोगों की मदद की जा सके। इन्होंने वर्ष 1975 में मिजोरम पीपल्स कॉफ्रेंस की स्थापना की जिसने वर्ष 1977 में के चुनाव में सफलता प्राप्त की। ब्रिगेडियर सैलो मिजो समुदाय से आने वाले पहले भारतीय सैन्य अधिकारी थे।
- ऑस्ट्रेलिया के वन डे क्रिकेट टीम के कप्तान माइकल क्लार्क ने अंतरराष्ट्रीय वन डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। माइकल क्लार्क का विश्व कप 2015 के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 74 रन बनाने के साथ ही एक दिवसीय क्रिकेट कॅरियर का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर आईसीसी क्रिकेट विश्वकप 2015 का खिताब जीता। इस के साथ ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप जीतने वाले चौथे कप्तान बन गए।
- आइसीसी ने अपनी नई 12 सदस्यीय वर्ल्ड क्रिकेट टीम की घोषणा की। इस बार इस टीम में किसी भी भारतीय को जगह नहीं मिली। न्यूजीलैंड के कप्तान और ओपनर बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम को आइसीसी वर्ल्ड टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम में क्रिकेट न्यूजीलैंड के पांच खिलाड़ी जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम के सिर्फ तीन खिलाड़ियों को जगह मिली। श्रीलंका के कुमार संगकारा को विकेट कीपर के रूप में टीम में शामिल किया गया।
- ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को आठ मैचों में 22 विकेट हासिल करने के लिए आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप-2015 के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' से पुरस्कृत किया गया।
- फॉर्च्यून पत्रिका ने विश्व के 50 महानतम नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नोबल पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी को शामिल किया। सूची में प्रधानमंत्री मोदी पांचवें और सत्यार्थी 28वें स्थान पर है। सूची में पहले स्थान पर एप्पल के सीईओ टिम कुक है। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को लगातार दूसरे वर्ष इस सूची में जगह नहीं मिली है।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस पार्टी के नेता पाटी रिपल किंदिया का निधन हो गया। वे यूपीए 1 सरकार के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के मंत्री और केन्द्रीय जनजाति मामलों के मंत्री रहे। वे मेघालय की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति थे।



www.crackgpsc.com

- भारत और एशियन विकास बैंक (एडीबी) ने उत्तर बंगाल - उत्तर पूर्व (एनबी- एनई) क्षेत्र में सड़क संपर्क में सुधार के लिए 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता किया। यह ऋण 500 मिलियन अमेरकी डॉलर के दक्षिण एशियाई उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग सड़क संपर्क निवेश कार्यक्रम (SRCIP) की पहली किश्त है। इस बहु-किश्त कार्यक्रम के तहत करीब 500 किलोमीटर सड़कों का निर्माण एनबी- एनई क्षेत्र में किया जाएगा। SRCIP एक रणनीतिक पहल है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशियाई उप क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) समूह के बीच भारत के एनबी-एनई क्षेत्र में सड़क संपर्क में सुधार लाकर क्षेत्रीय एककीकरण प्राप्त करना है। इस समूह के सदस्य हैं बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल।
- दिल्ली सरकार ने भारत की पहली ई-राशन कार्ड सेवा की शुरुआत की। इस सेवा में, ई राशन कार्ड आधार कार्डों से लिंक किया जाएगा और यह पीडीएस के लाभार्थियों को सरकार की वेब पोर्टल से बिना किसी बाधा के ऑनलाइन कार्ड प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। नई सेवा से भ्रष्टाचार को कम करने और सिस्टम में पारदर्शिता को बढ़ाने की उम्मीद है।
- हॉकी इंडिया ने हाकी इंडिया के पहले वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए। हाकी इंडिया ने तीन बार ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे बलबीर सिंह सीनियर को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरुष हॉकी टीम के डिफेंडर बीरेंद्र लाकडा और महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर वंदना कटारिया को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला हॉकी खिलाड़ी के ध्रुव बत्रा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- दिल्ली की सुंदरी अदिति आर्य ने 'एफबीबी फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2015' का खिताब जीता। अदिति 'मिस वर्ल्ड' प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।
- इसरो ने गांधी शांति पुरस्कार 2014 जीता। इसरो ने मार्स ऑर्बिटर मिशन (एमओएम) को सिर्फ 450 करोड़ रुपयों की लागत से सफलतापूर्वक लांच किया था। इस लांच ने भारत को मंगल ग्रह पर प्रवेश करने वाला पहला एशियाई देश बना दिया। विभिन्न प्रकार के अनुसंधान और संचार उपग्रहों को लांच करने के अलावा, यह अंतरिक्ष एजेंसी अपने आधुनिक प्रौद्योगिकियों के सहारे उपग्रह आधारित शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और सतत आर्थिक विकास के लिए सामुदायिक गतिविधियों के लिए संपर्क के जरिए देश के विकास में योगदान दे रही है।

**गांधी शांति पुरस्कार**

अहिंसा के जरिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन के लिए दिया जाने वाला गांधी शांति पुरस्कार का गठन 1995 में महात्मा गांधी के 125वें जयंती के अवसर पर किया गया था। यह व्यक्ति या संगठन को अहिंसा के जरिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए दिया जाता है। इस पुरस्कार के तहत एक करोड़ रुपये और एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

www.crackgpsc.com

- इसरो ने नेवीगेशनल उपग्रह समूह के चौथे उपग्रह आईआरएनएसएस 1डी (IRNSS 1D, Indian Regional navigational satellite System) को आंध्रप्रदेश में स्थित श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 27 (Polar Satellite Vehicle C 27, PSLV-C 27) के द्वारा प्रक्षेपित किया। इस उपग्रह का वजन 1425 किलोग्राम है और इसका कार्यकाल 10 वर्ष है। आईआरएनएसएस 1डी दक्षिण एशिया पर लक्षित होगा और इसे देश के साथ ही उसकी सीमा से 1500 किलोमीटर तक के उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति की सूचना मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया। इसके जरिये स्थलीय और समुद्री नेविगेशन, आपदा प्रबंधन, वाहन ट्रैकिंग और बेड़ा प्रबंधन, पर्वतारोहियों और यात्रियों के लिए दिशासूचक सहायता तथा गोताखोरों के लिए दृश्य एवं वोइस नेविगेशन सुविधा मुहैया करायी जाएगी। आईआरएनएसएस सिस्टम में अंततः सात उपग्रह शामिल होंगे। इसे 1420 करोड़ रुपये की लागत से वर्ष 2015 तक पूरा किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह उपग्रह आईआरएनएसएस श्रृंखला के सात उपग्रहों में से चौथा है। एक बार सभी उपग्रह प्रक्षेपित होने के बाद आईआरएनएसएस अमेरिकी जीपीएस नेवीगेशनल प्रणाली के समकक्ष होगा।
- विश्व की नंबर एक बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने इंडियन ओपन सुपर सीरीज बैडमिंटन चैंपियन 2015 का खिताब जीता। यह साइना नेहवाल का पहला इंडिया ओपन सुपर सीरीज बैडमिंटन खिताब है। किदांबी श्रीकांत ने इंडिया ओपन वर्ल्ड सुपर सीरीज टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता।
- ऑस्ट्रेलिया ने विश्व कप फाइनल 2015 में न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराते हुए हराते हुए विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप की एक मात्र ऐसी टीम है जिसके नाम पांच विश्व कप टाइटल मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत और वेस्टइंडीज (दो-दो विश्व कप) का नाम आता है।
- साइना नेहवाल वर्ल्ड नंबर वन की रैंकिंग हासिल करने भारत की पहली महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। इस मुकाम पर पहुंचने वाली साइना नेहवाल भारत की पहली महिला और देश की दूसरी बैडमिंटन खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले प्रकाश पादुकोण ने वर्ल्ड नंबर वन बनने का गौरव हासिल किया था। लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने अपने कैरियर में 14 अंतरराष्ट्रीय खिताब जीते हैं। हाल ही में वह आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनी थी।
- एसबीआई ने जीवन बीमा उद्यम में अपनी 10% हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की।
- वाईस एडमिरल सुनील लांबा ने दक्षिणी नौसैनिक कमान के फ्लैग ऑफिसर कमाडिंग-इन-चीफ का कार्यभार संभाला।
- हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने एंड्रॉयड आधारित मोबाइल एप 'ई-विधान' की शुरूआत की। 'ई-विधान' मोबाइल एप की सहायता से सभी सदस्य कार्यों एवं तारांकित तथा अतारांकित प्रश्नों एवं उत्तरों की सूची 45 मिनट पहले ही देख सकेंगे और उन्हें सदन की

www.crackgpsc.com

कार्यवाही के बारे में सूचना भी मिल सकेगी। विधान सभा में पेश किया गया बिल भी सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश विधान सभा ई-विधान मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करने वाला देश का पहला राज्य विधानसभा बन गया। ई-विधान प्रणाली से प्रतिवर्ष लगभग 8 करोड़ रुपए बचाने में मदद मिलेगी जो कागज पर खर्च किया जाता था।

- कात्सुसी इनू को होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) का अध्यक्ष और CEO नियुक्त किया गया।
- न्यूज़ीलैंड के स्पिनर डेनियल विटोरी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया। विटोरी ने बेहतरीन गेंदबाज़ी कर न्यूज़ीलैंड को वर्ल्ड कप के फ़ाइनल तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। विटोरी न्यूज़ीलैंड के सबसे अधिक टेस्ट और एक दिवसीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। न्यूज़ीलैंड की ओर से उनसे अधिक टेस्ट विकेट सिर्फ़ सर रिचर्ड हैडली के नाम (431 विकेट) हैं। टेस्ट मैचों में वह 4000 रन और 300 विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह कपिल देव और इयान बॉथम है। वह एकदिवसीय मैच में न्यूज़ीलैंड के सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ हैं।
- हॉकी इंडिया ने तीन बार ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य रहे बलबीर सिंह सीनियर को मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया।
- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के उपकप्तान एवं विकेटकीपर ब्रैड हैडिन ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच से संन्यास ले लिया।
- केन्द्र सरकार द्वारा आंध्र प्रदेश हेतु नई राजधानी के लिए बजट सहायता के रूप में 1500 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।
- केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (डीओएनईआर) राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने गुवाहाटी विश्वविद्यालय (असम) के लिए 'ब्रह्मपुत्र स्टडी सेंटर' की घोषणा की।
- जापान ने चिबा प्रान्त के माकुहारी मिस्सी कन्वेंशन सेंटर में दुनिया की सबसे पहली ओटाकू एक्सपो का आयोजन किया।
- गेराल्ड पोजनर द्वारा लिखी गई किताब 'गॉड बैंकर्स- अ हिस्ट्री ऑफ़ मनी एंड पावर' का विमोचन किया गया। गेराल्ड पोजनर ने इस किताब के माध्यम से वेटिकन के 200 साल के इतिहास को पेश किया है। इस पुस्तक में राजनीतिक साज़िश और कैथोलिक चर्च के भीतर के कामकाज के बारे में जानकारी दी गई है। इस किताब में बताया गया है कि कैसे वेटिकन श्रद्धा के केंद्र से सत्ता और धन के केंद्र में परवर्तित हो गया।
- राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने महान शिक्षाविद और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न (मरणोपरांत) से सम्मानित किया। भारत रत्न से नवाजे जाने वाले व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षर की हुई सनद (प्रमाण पत्र) और एक पदक दिया जाता है। इसमें कोई धन राशि नहीं होती। अपने महान कार्यों के चलते वे 'महामना' कहलाये। चूँकि ये लोग मालवा के मूल निवासी थे, इसीलिए मालवीय कहलाए। 1916 में उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) की स्थापना की।

www.crackgpsc.com

**भारत रत्न**

भारत रत्न, भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। भारत रत्न देने की व्यवस्था 2 जनवरी 1954 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने की थी। उस समय केवल जीवित व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता था, लेकिन वर्ष 1955 में मरणोपरांत भी सम्मान देने का प्रावधान जोड़ दिया गया। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है। इन सेवाओं में कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल शामिल है। वर्ष 2013 में पहली बार खेल के क्षेत्र में भारतरत्न देने का निर्णय हुआ और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को यह सम्मान दिया गया। वर्ष 2013 में सचिन के साथ ही साथ वैज्ञानिक सीएनआर राव को भी भारत रत्न दिया गया। एक वर्ष में अधिकतम तीन व्यक्तियों को ही भारत रत्न दिया जा सकता है। इस पदक के डिज़ाइन में तांबे के बने पीपल के पत्ते पर प्लेटिनम का चमकता सूर्य बना होता है, जिसके नीचे चाँदी में "भारत रत्न" लिखा रहता है। अब तक कुल 45 लोगों को भारत रत्न दिया जा चुका है। सी राजगोपालाचारी, सी.वी. रमन और राधाकृष्णन को सबसे पहले वर्ष 1954 में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

- फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली, लेखक एवं गीतकार प्रसून जोशी, भौतिकविद डा रणदीप गुलेरिया, 'चाचा चौधरी' जैसे मशहूर कार्टून चरित्र के रचियता कार्टूनिस्ट प्राण (मरणोपरांत), बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू, हाकी स्टार सरदारा सिंह और एवरेस्ट को फतह करने वाली अरूणिमा सिंह, और चार गुजराती गुणवंत शाह (चिंतक और लेखक), तारक महेता (हास्य लेखक), डॉ. एच एल त्रिवेदी (यूरोलोजिस्ट), डॉ. तेजस पटेल (कार्डियोलोजिस्ट) 'पद्मश्री' से सम्मानित किए गए।
- पंजाब के मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल, सतपालसिंह, विख्यात वकील हरीश साल्वे, पत्रकार स्वप्न दासगुप्त एवं रजत शर्मा, बिल गेट्स (अमेरिका), सुश्री मिलिंडा गेट्स (अमेरिका), आदि को 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया।
- लालकृष्ण आडवाणी, प्रकाश सिंह बादल, दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन, जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य, डॉक्टर डी वीरेन्द्र हेगड़े, मलुर रामास्वामी श्रीनिवास, करीम अल हुसैनी आगा खान, कोट्टयम के वेणुगोपाल को पद्म विभूषण' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

